डमी बैलेट पेपर का आकार और रंग असली जैसा न हो 3

वर्ष प्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है 4

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने साड़ी में दी कातिलाना अदाएं, फोटोज देखकर फैंस थाम लेंगे दिल 7



सोना-73,510

तिथि-चैत्र, शुक्ल, द्वितीया

चांदी- 84,500

शेयर मार्केट- 74,683
निफ्टी- 22,642

अधिकतम -38 °c
न्यूनतम -22 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-138 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, बुधवार 10 अप्रैल, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

दुनिया में बज रहा भारत का डंका : मोदी

पीलीभीत पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, विपक्ष को जमकर कोसा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। पीएम नरेंद्र मोदी आज पहुंचे पीलीभीत, विपक्ष को जमकर कोसा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भगवान श्रीराम का घोर अपमान किया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। आदि गंगा मां गोमती का उदगम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है।आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं।विपक्षी गठबंधन इंडियाश्पर पीएम मोदी जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराकर इन लोगों ने भगवान श्रीराम का अपमान किया है। विपक्ष के जो लोग प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र लग रहा है। सपा व कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में गन्ना किसानों को कैसे

- भारत के लिए कुछ भी असम्भव नहीं
- प्रधानमंत्री ने नवरात्रि की शुभकामनाएं दी

अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता है। यह आपसे अच्छा कौन जानता है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए काम किया है। कई चीनी मिलें खुलीं है, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार किया जा रहा है। यह क्षेत्र खेती किसानी के लिए जाना जाता है। 10 वर्ष पहले किसानों की क्या हालत थी? यूरिया की कालाबाजारी होती थी। किसानों पर लाठीचार्ज होता था। आज यूरिया पर्याप्त मात्रा में है।

यूरिया की बोरी दुनिया में तीन हजार रुपये में मिलती है लेकिन हमारी सरकार तीन सौ रुपये से कम में देती है। किसानों कोसम्मान निधि मिल रही है। किसानों के बैंक खातों में 70 करोड़ हजार रुपये मोदी सरकार नेपहुंचाया है। 850 करोड़ रुपये पीलीभीत के किसानों के बैंक खातों में पहुंचे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कभी कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थीं लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी।

दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हमने एक-एक को सुरक्षित निकाला है। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके वोट से मजबूत सरकार बनी है। भाजपा सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से कम नहीं है। जब नीयत सही होती है। हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लोग विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई आर्थिक ताकत बना है। हमारे चंद्रयान ने चांद पर तिरंगा फहराया। भारत में आयोजित जी-20 की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने देशवासियों को नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि आज से चौत्र नवरात्रि भी शुरू हो गई है। देशभर में शक्ति उपासना की धूम मची है। हर कोई भक्ति में डूबा हुआ है, शक्ति उपासना में जुटा हुआ है। कुछ ही दिन में बैसाखी आने वाली है, मैं आपको बैसाखी की शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी के नेतृत्व (शेष पृष्ठ 7 पर)

युद्ध लड़ने वाले दुनिया के बड़े-बड़े देश अपने मुद्दे लेकर भारत के पास आ रहे : मोदी

बालाघाट/भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने बालाघाट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कभी कांग्रेस कांग्रेस सरकार अपनी शिकायतें लेकर दूसरे देशों के पास जाती रहती थी लेकिन अब वक्त बदल चुका है। दुनिया के बड़े-बड़े देश, आपस में युद्ध कर रहे देश भारत से अपने मुद्दे पर बात करने के लिए आते हैं। यह देखकर हर हिंदुस्तानी का हौसला बुलंद हो जाता है। मोदी ने बालाघाट में कहा, आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस बहुत ही पुरानी सोच पर चली। उनके मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था। सामान्य मानवीय ने आजादी के आंदोलन में जो त्याग, तपस्या, बलिदान किया उसे उन्होंने सत्ता में आते ही नकार दिया और एक छोटा सा परिवार का कुनबा हावी हो गया और उसी की सोच देश को पिछड़ेपन की तरफ धकेलती गई। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ष्कांग्रेस ने हमारे आदिवासी भाई-बहनों को जल, जंगल, जमीन के अधिकारों से वंचित रखा था। आज 1 करोड़ से ज्यादा जनजातीय समाज के लोग पेसा कानून का लाभ ले रहे हैं। मध्य प्रदेश में मोहन यादव की सरकार दिन-रात आदिवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस अभी भी अपनी पुरानी मानसिकता में जकड़ी हुई है। पीएम मोदी ने कहा, इतनी बड़ी तादाद में माताओं-बहनों का प्यार

कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश विभाजन : योगी

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था।

कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने चौत्र नवरात्रि व भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए

सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश-प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई-कई वर्ष लगते थे और गन्ना (शेष पृष्ठ 7 पर)

चैत्र नवरात्रि पर योगी ने दी शुभकामनायें

लखनऊ, चर्चित ब्यूरो। आज से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत मंगलवार से हो गई है। 9 दिन मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा होगी। मां के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। बड़ी संख्या में भक्त मां के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही घरों में भी लोग मां दुर्गा की स्थापना कर रहे हैं। बता दें कि चैत्र नवरात्रि का समापन 17 अप्रैल, रामनवमी के दिन पर होगा। नवरात्रि के पावन मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा, आदिशक्ति, जगज्जननी माँ जगदम्बा की उपासना के पावन पर्व चौत्र नवरात्रि की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

योगी ने प्रतापगढ़ हादसे पर जताया दुख

प्रतापगढ़/लखनऊ, चसं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां क्षेत्र में हुए हादसे में 3 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बता दें कि हथिगवां क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक बस के सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस का लोकसभा के लिए 6 और आंध्र विधानसभा चुनाव के लिए 12 प्रत्याशियों का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने मंगलवार को आगामी लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, पार्टी ने 6 प्रत्याशियों की घोषणा की है। इसमें विशाखापत्तनम से पुलुसु सत्यनारायण रेड्डी, अनाकापल्ले से वेगी वेंकटेश , एलुरु से लावण्या कावुरी , नरसरावपेट से गार्नेपुडी सुधाकर, नेल्लोर से कोप्पिला राजू और तिरुपति निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. चिंता मोहन को मैदान में उतारा है।

अरविंद केजरीवाल को नहीं मिली गिरफ्तारी और रिमांड से राहत

नयी दिल्ली, एजेंसी। हिरासत और रिमांड की याचिका खारिज होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा, अदालत का मानना ष्है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है। रिमांड को अवैध नहीं ठहराया जा (शेष पृष्ठ 7 पर)

गोरखपुर में हवाला के 50 लाख डकार गया इंस्पेक्टर, सस्पेंड

गोरखपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां चेकिंग के दौरान पुलिस ने हवाला के 85 लाख पकड़े जाने पर एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। हवाला के 50 लाख लूटने का आरोपित चौकी इंचार्ज को ससपेंड कर दिया गया है। एसएसपी ने चौकी प्रभारी बेनीगंज आलोक सिंह को निलंबित किया (शेष पृष्ठ 7 पर)

मोदी सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता : शाह

- अमित शाह ने असम के लखीमपुर में चुनावी सभा को किया सम्बोधित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखीमपुर (गुवाहाटी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन के हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को बाय-बाय कह दिया था।

असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने बांग्लादेश से लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई। शाह ने कहा, चीन द्वारा 1962 में किए गए हमले के दौरान नेहरू ने कहा था 'बाय-बायश् असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया।

उन्होंने कहा कि असम की बांग्लादेश से लगती सीमा 'घुसपैठ के लिए खुली थी। गृहमंत्री ने कहा,तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंत विश्व शर्मा की सरकार आई। अब हम कह सकते हैं कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग-अलग हिंसक आंदोलनों और उग्रवाद संबंधी घटनाओं में मारे गए। शाह ने कहा, मोदी सरकार के 10 साल के शासन में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और 9000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम राज्य के 80 प्रतिशत इलाकों से हटा लिया गया है। शाह ने कहा, उन्होंने (असम) संधि की लेकिन शर्तों को लागू नहीं किया। हमने बोडो संधि पर हस्ताक्षर किए और दो साल के भीतर सभी शर्तें पूरी कर दी गई। कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया है कि उसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन किया गया है। शाह ने तुलना करते हुए कहा, हिमंत विश्व शर्मा ने बाल विवाह रोका है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता है। शाह ने कहा कि पूरे देश के विकास में पूर्वोत्तर का विकास केंद्र में है। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र की सभी सीट पर वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा, आपके के पास दो विकल्प है या तो राहुल गांधी या

मध्य प्रदेश में 40 कर्मचारियों को ले जा रही बस खदान में गिरी, 11 लोगों की मौत

चर्चित राजनीति। एजेंसी

भिलाई। मध्य प्रदेश के दुर्ग जिले में केडिया डिस्टलरी के 40 कर्मचारियों को लेकर कुम्हारी से भिलाई लौट रही बस मंगलवार रात नौ बजे खदान में गिर गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार बस लौटने के दौरान एक मुरुम खदान में 50 फीट नीचे गिरी है। खदान से निकाले गए घायलों का तत्काल वहीं पर उपचार शुरू कर दिया गया है। कुछ लोग बस के नीचे दबे हैं। खबर लिखे जाने तक बचाव दल ने कुछ लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया है।

यह हादसा फैक्ट्री से आधा किलोमीटर की दूरी पर हुआ है। गंभीर रूप से घायलों को रायपुर भेजा गया है। साथ ही प्राथमिक उपचार के लिए कुछ लोगों को धमधा के स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। कुम्हारी, भिलाई 3 और रायपुर की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

भारत बदलेगा तिब्बत के 60 जगहों के नाम

चर्चित राजनीति। एजेंसी

- चीन को करारा जवाब देने उतरे राजनाथ सिंह

ईटानगर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों का नाम बदलने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर भारत ने भी इसी तरह के प्रयास किए, तो क्या इसका मतलब यह होगा कि चीन के वे क्षेत्र हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन गए हैं।

मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं चीन से पूछना चाहता हूं कि अगर हम पड़ोसी देश के विभिन्न राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या वे हमारे क्षेत्र के हिस्से होंगे? ऐसी गतिविधियों के कारण संबंध खराब हो रहे हैं। भारत और चीन के बीच रिश्ते बिगड़ेंगे। पिछले हफ्ते चीन ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की एक सूची जारी की थी। पहले भी चीन पूर्वोत्तर राज्य पर अपना दावा जताने के लिए इसी तरह की कोशिशें कर चुका है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन अगर कोई हमारे आत्म-सम्मान को (शेष पृष्ठ 7 पर)

उम्मीदवारों को अपनी हर चल सम्पत्ति उजागर करने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीदवारों को लेकर मंगलवार को अहम फैसला दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनके या आश्रितों के स्वामित्व वाली हर एक चल संपत्ति का राजफाश करने की जरूरत नहीं है जब तक कि वे काफी कीमती या विलासितापूर्ण जीवनशैली को न दर्शाती हों। एक मतदाता को किसी उम्मीदवार की प्रत्येक संपत्ति के बारे में जानने का पूर्ण अधिकार नहीं है।

साथ ही स्पष्ट किया कि इस फैसले को नजीर के तौर पर न लिया जाए क्यों कि यह इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित है। इस टिप्पणी के साथ जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने गुवाहाटी हाई कोर्ट की ईटानगर पीठ के 17 जुलाई, 2023 के फैसले को रद्द करते हुए 2019 में अरुणाचल प्रदेश की तेजू विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक चुने गए कारिखो क्री के निर्वाचन को बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने कारिखो के निर्वाचन को अमान्य घोषित कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ कारिखो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। हाई कोर्ट ने तेजू सीट से कारिखों के प्रतिद्वंद्वी रहे और तत्कालीन कांग्रेस उम्मीदवार (शेष पृष्ठ 7 पर)

राजनीतिक दलों को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर टाइम स्लॉट आवंटित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मंगलवार को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में प्रचार प्रसार के लिए आवंटित समय प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों से प्राप्त तथा राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग एवं प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनाव प्रसारण हेतु समय निर्धारित करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय दलों के प्रतिनिधियों तथा आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गयी। निकाली गयी लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण हेतु सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट तथा बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण हेतु अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट तथा बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संदर्भ में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के चुनाव प्रसारण करने हेतु समय आवंटित किये गये हैं, जिसके अंतर्गत सभी दलों द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रचार करने हेतु दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में अपना समय उपलब्ध कराया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म में वृद्ध को तिहरी उम्रकैद की सजा

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल की कोर्ट ने 2018 में नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में 60 वर्षीय वृद्ध को दोषी मानते हुए तिहरी उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मौत होने तक दोषी जेल में ही रहेगा। कोर्ट ने छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न करने के दोषी पर 4.60 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक वकील ने बताया कि दोषी को कुल 25 साल की अलग-अलग अवधि की सजा दी गई। इसमें सबसे ज्यादा 10 साल की थी। वकील ने बताया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। ऐसे में दोषी पहले 10 साल की सजा काटेगा और इसके बाद उम्रकैद की सजा शुरू होगी। वकील ने बताया कि कोर्ट के अनुसार उम्रकैद की सजा का मतलब दोषी के शेष जीवन से है।

स्पिरिट को नशीली शराब में बदला जा सकता है

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र से जानना चाहा कि जहरीली शराब के जोखिमों के मद्देनजर राज्य अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औद्योगिक अल्कोहल पर नियमन क्यों नहीं लागू कर सकते हैं? न्यायालय ने केंद्र से यह भी पूछा कि राज्य औद्योगिक अल्कोहल के दुरुपयोग को रोकने के लिए इसपर शुल्क क्यों नहीं लगा सकते। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन में केंद्र और राज्यों की शक्तियों की समीक्षा कर रही है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम सभी जहरीली शराब की त्रासदी के बारे में जानते हैं और राज्य अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं।

राज्यों को विनियमन की शक्ति क्यों नहीं होनी चाहिए? अगर वे दुरुपयोग रोकने के लिए विनियमन कर सकते हैं, तो वह कोई शुल्क भी लगा सकते हैं। इससे पहले सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ (शेष पृष्ठ 7 पर)

व्यापार मंडल ने मनाया हिंदू नववर्ष

बछरावां , चसं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य जिसमें संगठन युवा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम स्थल को गुंजायमान कर दिया।

वहीं हिंदू नववर्ष का दूसरा कार्यक्रम शिवगढ़ रोड स्थित दयाल प्रोविजन स्टोर के प्रांगण में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जहां पर कस्बे के अनेक गणमान्य जनों ने पहुंचकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराईद्य कार्यक्रम में पूजन अर्चन के बाद सनातन धर्म एवं जय श्री राम के नारे लगाए गएद्य कार्यक्रम के इस मौके पर डा0 विजयपाल यादव, ओमिक सोनी, राकेश सोनी, भूपेश कुशवाहा, वीरभान सिंह, अंजनी गुप्ता, अमित वर्मा, अनूप कुशवाहा, सतीश सिंह, संदीप, आदित्य, विजय मिश्रा, आर्यन मिश्रा, राकेश चौधरी, हरिओम सिंह सहित संगठन के अनेकों सदस्यगण पदाधिकारी बंधु एवं गण जन उपस्थित रहे।

माता विंध्यवासिनी धाम के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

बछरावां रायबरेली, चसं। क्षेत्र मे नवरात्र शुरू होने से एक दिन पूर्व देर शाम हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था बछरावा स्टेशन पर दिखाई पड़ा। बछरावां क्षेत्र के दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु विंध्याचल धाम जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में दिखाई पड़े। नवरात्रि के एक दिन पूर्व मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बछरावां रेलवे स्टेशन से विंध्याचल धाम जनपद मिर्जापुर के लिए रवाना हो रहे हैं।

स्थानीय कस्बे सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवो से अलग-अलग कई जत्थे रवाना हुए। जत्थे में शामिल अरुण कुमार ने बताया प्रत्येक वर्ष नवरात्र के महीने में विंध्याचल के दर्शन करने के लिए हम लोग जाते हैं। माता विंध्यवासिनी पर हम सब की अटूट श्रद्धा और भाव हैं। उस दरबार में जाने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं की मां विंध्यवासिनी मनोकामना पूर्ण करती हैं। प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं के जत्थे अलग-अलग शक्तिपीठों के लिए अलग-अलग ट्रेनों से रवाना होते हैं।

मतदाता जागरूकता व स्कूल चलो अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु में स्कूल चलो अभियान एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत न्याय पंचायत बेड़ारु के समस्त प्रधानाध्यापकों एवं बेड़ारु ग्रामसभा के अभिभावकों की बैठक सम्पन्न हुई।

कम्पोजिट विद्यालय बेड़ारु के प्रधानाध्यापक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता एवं स्कूल चलो अभियान की शपथ दिलाई। प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा के नेतृत्व में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विद्या संस्कार किया गया। प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा ने जहाँ विद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया तो वहीं शिवगढ़ खण्ड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्रा ने

● विद्यालय में हुआ नव प्रवेशित छात्रों का विद्या संस्कार

विद्यालय में नव प्रवेशित छात्र व छात्राओं को रोली अक्षत का तिलक लगाकर नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी है। अभिभावकों से अपील है कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें।

बैठक में मौजूद प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने विद्यालय के विकास में योगदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैड़ारु के शाखा प्रबंधक आसेन्द्र पटेल, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप, शंकुल प्रभारी आशीष पटेल, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार, जितेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

वंदे भारत ट्रेन फिर बनी अराजक तत्वों का निशाना, चटका शीशा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

बछरावां/रायबरेली। वंदे भारत ट्रेन बीते सोमवार को एक बार फिर अराजक तत्वों का बनी निशाना, चटका शीशा! जानकारी के अनुसार आपको बताते चले सोमवार दोपहर घटना उस समय घटित हुई जब बंदे भारत ट्रेन लखनऊ से रायबरेली जा रही थी। तभी बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां कुंदनगंज रेलवे स्टेशन के बीच कन्नावा गांव के पास इस ट्रेन पर पत्थर फेके गए।

यह बंदे भारत ट्रेन गोरखपुर और प्रयागराज के बीच फर्राटा भरती है, लखनऊ के बाद रायबरेली रेलवे स्टेशन पर इसका ठहराव है, जिससे बछरावां में ट्रेन नहीं रुकती हैद्य सोमवार को लखनऊ से रायबरेली जा रही यह ट्रेन तकरीबन

समय 11:50 बजे क के पास से गुजरी तो इस पर अराजक तत्वों ने पत्थर फेंका पत्थर लगने से ट्रेन के कोच संख्या 4 का शीशा चटक गया। इस घटना का पता उस समय लगा जब ट्रेन प्रयागराज पहुंची और गोरखपुर में बने कंट्रोल रूम को सूचना दी गईद्य गोरखपुर कंट्रोल रूम से घटना की जानकारी बछरावा रेलवे स्टेशन को दी गई तो स्थानीय अधिकारियों के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल छानबीन में जुट गया है। बछरावां के आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार ने बताया कि बंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेके जाने की घटना के संबंध में अभी केस दर्ज नहीं हुआ जांच शुरू कर दी गई है अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

मार्च में भी घटित हो चुकी है यह घटना पकड़े गए थे तीन किशोर : वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेके जाने की यह घटना कोई नई नहीं है बीते 18 मार्च को भी बछरावां थाना क्षेत्र के नीमटीकर गांव के पास राजक तत्वों द्वारा इस पर पत्थर फेके गए थे घटना का केस दर्ज किया गया था और छानबीन चल रही थी इस घटना के कुछ दिन बाद ऊंचाहार क्षेत्र में भी पत्थर फेक जाने की जानकारी हुई थीद्य बछरावां क्षेत्र में घटी घटना की छानबीन के लिए ट्रेन के सीसीटीवी फोटोज निकाले गए।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिह्नित किए गए तीन किशोर को पकड़ा गया और बीते सप्ताह खुलासा करते हुए तीनों किशोर को बाल सुधार गृह लखनऊ भेज दिया गया था।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर मनोज कुमार पांडे

चर्चित राजनीति। संवाददाता

बछरावां/रायबरेली। विकास क्षेत्र के कई स्थानों पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडे ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर लोगों के साथ मुलाकात कीद्य चुनावी सर गर्मी के बीच क्षेत्र में निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री ने होली मिलन के साथ-साथ आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में बछरावां विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कन्नावा, बछरावां कस्बा एवं ग्राम रामपुर मुजर नीमटीकर सहित कई जगह लोगों से मुलाकात कीद्य तथा ग्राम रामपुर में होली मिलन समारोह के आयोजन मे सम्मिलित हुए, जहां कार्यक्रम के आयोजन कर्मचारी संघ के नेता प्रेमानंद चतुर्वेदी ने उनका स्वागत कियाद्य जगह-जगह लोगों से मिलकर उपस्थित जन समूह को होली की शुभकामनाएं दी। तथा इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित एवं सशक्त भारत की परिकल्पना नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही साकार हो सकती है। प्रधानमंत्री ने देश के साहसिक निर्णय लेते हुए जिस तरह देशव्यापी मुद्दों का समाधान किया है। वह और किसी के बस की बात नहीं थी।

कार्यक्रम के इस मौके पर कृष्णकांत त्रिवेदी, शंकर तिवारी विनीत मिश्रा, पंकज द्विवेदी, आशु नेता, प्रशांत चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, सुशांत चतुर्वेदी, रामकुमार गुप्ता, ऋषभ चतुर्वेदी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व जनमानस मौजूद रहा।

आंधी तुफान से विद्युत व्यवस्था ग्रामीणांचल की हुई चौपट

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। मंगलवार को दोपहर के बाद एकाएक आसमान में बादल छा गए जिसके बाद हवा ने अपना रूख दिखाना चालू किया।जिसमें हवा चलने पर पूरे जिले में मौसम जरूर बेकाबू गर्मी उमस में राहत दिया और मौसम खुशनुमा था।हवा की गति माध्यम था जिसके कारण कोई लंबा छति नही हुआ था।ग्रामीणांचलों की स्थित ये थी कि पत्ते डोलते ही विद्युत सप्लाई बंद कर दिया गया था।हवा से मच्छरों का प्रकोप हवा प्रारंभ होने तक न के बराबर था।किसानों के चेहरे में आसमान में छाए बादल ने जहां गेहूं की तैयार फसल खेत में पड़ी होने पर चिंता की लकीरे थी कि गाढ़ी कमाई तो खड़ी है यदि आंधी तुफान तेज हुआ और वर्षात के साथ साथ ओले भी गिरे तो फसले नष्ट हो सकती है।

पुलिस की शिथिलता के चलते फिर हुआ हमला,भर्ती

रायबरेली, चसं। पुरानी रंजिस में घायल पक्ष की ओर से पड़े तहरीर पर पुलिस की शिथिलता बरतने का मामला ये रहा कि एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करके उसको लहूलुहान कर दिया गया जिसके बाद उनको जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गदागंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दीनशाहगौरा है। जहां के संतोष कुमार 32वर्ष पर गांव के ही एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिस में कुल्हाड़ी से हमला करके उनको लहूलुहान कर दिया गया।जिनको गंभीरावस्था में सीएचसी दीनशाहगौरा में भर्ती करवाया गया जहां से उनके प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर करने के बाद जिलाअस्पताल में भर्ती करके उनका उपचार करवाया जा रहा है। घायल के भाई बजरंग सोनी ने नामजद तहरीर थाने में दिया है जिसमें पीड़ित का आरोप है कि आरोपी द्वारा पूर्व में भी पत्नी व बच्चों के साथ धक्कामुक्की व बदसलूकी कर चुका है जिसकी लिखित तहरीर दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही किया गया था जिसके बाद पुनः अब भाई पर हमला कुल्हाड़ी से करने के बाद 25 टांके लगने तक के दावे किया है। उधर सीओ ने बताया कि आरोपी विमल सोनी पुत्र रामभजन निवासी दीनशाहगौरा के खिलाफ संबंधित धाराओ में अभियोग दर्ज करके कार्रवाई किया जा रहा है जहां रही पुलिस की संदिग्धता की बात तो उसकी जांच किया जा रहा है।

दरोगा से दुर्व्यवहार, फाड़ी वर्दी, नोचे बिल्ले

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● अखिलेश ने पूछा,कब चलेगा इनपर बुलडोजर

लखनऊ। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास गोदौलिया चौराहे पर पुलिस वालों के सामने एक दरोगा से दुर्व्यवहार किया गया। मारपीट के साथ ही वर्दी फाड़कर बिल्ला नोच लिया । सरकारी जीप क्षतिग्रस्त कर दी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर वीडियो को शेयर करते हुए प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है।

अखिलेश ने लिखा कि देश के प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दरोगा के साथ हिंसक व्यवहार भाजपाई अराजकता की पराकाष्ठा है। इन असामाजिक तत्वों के घरों पर बुलडोजर कब चलेगा? वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आखिर ये क्या हो रहा है? सरेआम आरएसएस के लोगों द्वारा दरोगा की पिटाई कर दी जाती है सरकार मूकदर्शक बनकर मौन है। आरएसएस के लोगों को खुली छूट कोई कार्यवाही नहीं । इन मनबढ़ों को आखिर किसका है संरक्षण ? अजय राय ने वाराणसी में ही एक अन्य थाने में पुलिस वालों से दुर्व्यवहार का भी वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में एक ही दिन दो अलग अलग जगहों पर भाजपा के लोगों द्वारा पुलिस के साथ अभद्रता की सूचना चिंताजनक है। वाराणसी के थाना चिताईपुर में एसएचओ के साथ भाजपा नेताओं द्वारा की गयी अभद्रता की जितनी निंदा की जाए कम है। क्यों आरएसएस मनबढ़ों को संरक्षण दे रही है ? डबल इंजन की भाजपा सरकार में कानून के रखवाले भी सुरक्षित नहीं है।गोदौलिया की घटना रविवार रात की है। पुलिस ने मौके पर ही मारपीट करने वालों को पहले हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में छोड़ दिया। वीडियो वायरल हुआ तो दरोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तहरीर में किसी पार्टी का नाम तो नहीं लिखा गया है कि लेकिन छह युवकों को नामजद किया गया है। एसीपी दशाश्वमेध प्रज्ञा पाठक ने बताया कि वायरल वीडियो में नजर आ रहे लोगों की पहचान कर ली गई है। उनके घर का पता लगाया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दबिश के लिए कई पुलिस टीम का गठन किया गया है। आरोपियों पर बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा और 7 क्रिमिनल ला एक्ट सहित गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। गोदौलिया चौराहे पर रविवार शाम दशाश्वमेध थाने के देवनाथपुरा चौकी पर तैनात दरोगा के अनुसार रात आठ बजे हमराहियों के साथ चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार तीन लोग को रोक कर कागज मांगा गया। उसके पीछे कई और साथी बाइक पर थे, लेकिन वह फरार हो गए। दारोगा ने नम्बर प्लेट न होने का कारण पूछा। जवाब में उन्होंने अपने आप को हिन्दूवादी संगठन का पदाधिकारी बताते हुए धमकी दी। इस बीच उसके कई और साथी वहां पहुंच गए और दुर्व्यवहार करने लगे। चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि मनबढ़ों में काली टीशर्ट पहने एक युवक आया और दरोगा को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। उसने न सिर्फ डंडा छीन लिया बल्कि हाथ से थप्पड़ मारने का इशारा भी कर रहा था।

चैत्र नवरात्रि पर मइया के गूंजे जयकारे, किसान मनाया जश्न

रायबरेली, चसं। मंगलवार के दिन से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया।जिसको लेकर गंगा घाटो में डलमऊ व गोकना समेत समस्त गंगा घाटों पर जहां स्नान करने का सिलसिला श्रद्धालुओं का चला तो मंदिरो में माता के जयकारे गूंजे।जिसकी गूंज समस्त मंदिरो से लेकर गांव गांव के शिवालयों में स्थापित दुर्गा माता आदि जगहों पर गूंजा।वहीं किसान चैत्र नवरात्रि से ही गेहूं की फसल आने लगने पर नया वर्ष की भांति सनातन धर्म के अनुसार मनाता है जिसको लेकर मंगलवार के दिन किसानो में भी हर्षोउल्लास था।

महिला ने अश्लील बातें करने का लगाया आरोप

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार थाना के एक गांव की निवासिनी महिला ने गांव के एक व्यक्ति को उधार पैसा दे रखा है जिसका पैसा मांगने पर उसके द्वारा अश्लील बातें किया गया।जिसकी शिकायत पी?ता ने थाने में मंगलवार के दिन किया है।उधर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण की जांच करवाने के बाद कुछ बता पाऊंगा।

मार्गदुर्घटना में मासूम समेत तीन घायल, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मार्गदुर्घटना में घायल होने पर अमन 3वर्ष पुत्र रामेश सिंह निवासी पूरे चौहान;उदयप्रताप 32वर्ष पुत्र ककोरे निवासी वंशपुर व साहबलाल 36वर्ष पुत्र राजेन्द्रप्रसाद निवासी पकराउर थाना महेशगंज आजमगढ़ को भर्ती करवाया गया है।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि दोनो का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

छिपकली ने महिला को काटा, हालत गंभीर

रायबरेली, चसं। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव नकेछेदकापुरवा निवासिनी सपना 27वर्ष पत्नी सोनू को सोते समय उनके ऊपर छिपकली गिरने के बाद उसको हटाते दौरान उनको छिपकली ने डस लिया जिसके कारण महिला की हालत गंभीर हो गई जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में भर्ती किया गया है। सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि छिपकली काटने से महिला की हालत बिगड़ी थी।

हर्ष व उल्लास से मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। नगर के बल विद्या भवन प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर संघ के पहले सरसंघचालक डॉक्टर बलिराम केशवराव हेडगेवार को भी याद किया गया।

संघ की पद्धति से सर्वप्रथम आद्य सरसंघचालक को प्रणाम, केशव अर्चना, ध्वजवंदन तथा प्रार्थना हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजीव खरे ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा हिंदू नव वर्ष यानी नव संवत्सर का धार्मिक ऐतिहासिक व वैज्ञानिक महत्त्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। भवानी आदिशक्ति का प्राक्ट्य हुआ था, भगवान श्रीराम का वनवास पर्यन्त राज्याभिषेक हुआ था, महाराज विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था। ऋतु परिवर्तन इसी समय दृष्टिगोचर होता है। इस तिथि की महत्ता देखते हुए हम सभी हिन्दू भाईयों को मिलकर हर्षोल्लास से यह पर्व मनाना चाहिए। डॉक्टर हेडगेवार को याद करते समय ,उन्होंने कहा डॉ साहब का जन्म आज ही के दिन महाराष्ट्र के नागपुर में एक सुसंकृत परिवार में हुआ।बहुमुखी मेधा के धनी हेडगेवार जी बचपन से ही धर्म परायण और राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत थे। कलकत्ता से डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद आर्थिक उपार्जन से स्थान पर राष्ट्रधर्म का रास्ता चुनते हुए विखंडित हिन्दू समाज को एक करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम का एक बीज रोपा जो आज पुष्पित पल्लवित होकर एक वटवृक्ष बन गया है जो देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी हिन्दू धर्म ध्वजा लहरा रहा है। जिला कार्यवाह ने कहा ,आज भी हमारी भारत माता और हिंदुत्व के विचार का विरोध करने वाली शक्तियां निहित स्वार्थों और भेदों को उभार रही हैं, समाज में परस्पर अविश्वास फैला रही हैं, तंत्र के प्रति अनास्था और देश भार में अराजकता के बीज बो रही हैं।

साजिश या इत्तफाका त्रिवेणी ट्रेन में धुआं धुंध का मामला!

रायबरेली, चसं। लखनऊ से प्रयागराज की ओर जा रही त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही शहर के रेलवे स्टेशन से प्रयागराज की ओर जाने हेतु बढ़ी वैसे ही सोमवार की देर सायंकाल मधुबन रेलवे क्रासिंग के निकट पहुंची वैसे ही ट्रेन के एस-4 कोच में धुआं सा धुंध उठा जिसके बाद आग लगने की आवाज उठी फिर क्या सभी अपनी अपनी जांन बचाने के प्रयास के तहत कूदने लगे और चेनपुलिंग कर दिया।जिसमें चैत्रनवरात्रि में विन्ध्याचल जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ होने पर ट्रेन में सीट के मानक से कई गुना भीड़ भी था।जिसको लेकर गार्ड ने वाकी टाकी से चालक को सूचना देकर ट्रेन रोकने हेतु निर्देश दिया।जिसकी सूचना लखनऊ कंट्रोलरूम भी अवगत करवाया गया।जिसमें कई लोग चोटिल हुए जिसमें सरकारी अस्पताल न जाने पर रेलवे विभाग के अधिकारी तक चोटिलों को इंकार करते हुए नजर आए घटना को लेकर ये रहस्य था कि ये कोई साजिस था बड़ा हादसा का रूप देने का या इत्तफाका घटना हुई उसको लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है।आरपीएफ पोस्ट प्रभारी आलोक मौर्य ने बताया कि ट्रेन के फायरकिट में अग्निशमन उपकरण पिन निकलने से धुआं फैल गया था।आग लगने की बात अफवाह था।

संक्षिप्त समाचार

शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से फसल जलकर हुई खाक

बछरावां/रायबरेली, चसं। थाना क्षेत्र की थुलेड़ी चौकी के अंतर्गत अटरा गांव में हाईटेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी तीन किसानों के लिए आफत का सबब बन गई और तीनों की पांच पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गईद्य ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हल्का लेखपाल ने बताया कि मौके पर पहुंचकर उनके द्वारा जांच पड़ताल की गई है, अटरा गांव के रहने वाले किसान दया राम, जगदेव और हरदोई गांव के रहने वाले अब्दुल अली तीनों की पांच पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा फसल हाईटेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से जली हैद्य जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

धूल भरी तेज आंधी ने मचाई तबाही, किसानों एवं ग्रामीणों का हुआ भारी नुकसान

शिवगढ़,रायबरेली, चसं। मंगलवार को सायंकाल आई धूल भरी आंधी एवं बारिश ने जमकर तबाही मचाई। आंधी एवं बारिश से किसान चिंता में डूब गए हैं। मंगलवार को सायंकाल 2 बार आई धूल भरी तेज आंधी से जहां खेतों में कटी पड़ी गेहूं, सरसों की फसल उड़कर दूर-दूर तक बिखर गई। वहीं टीन से एवं छप्पर रखकर किसी तरह गरीबी में जीवन यापन कर रहे ग्रामीणों एवं दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है। आंधी के बाद बारिश होने से गेहूं की फसल नरम पड़ गई है किसानों की मानें तो बगैर धूप निकले फसल की कटाई संभव नहीं है। तेज आंधी से छप्पर और टीन से उड़कर दूर जा गिरे। नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहे पर तीन सेड के नीचे होटल चला रहे हाकिम सिंह का टीन से उड़कर पेड़ों में अटक गया, जिससे हाकिम सिंह का भारी नुकसान हुआ है। मौसम के बिगड़े मिजाज से किसान गहरी चिंता में डूब गए हैं, कृषकों का कहना है कि पहले गेहूं की बालियां निकालने के समय आंधी और बारिश ने तबाही मचाकर गेहूं, सरसों, आलू, मटर की फसल चौपट कर दी। जो थोड़ी बहुत कसर बची थी उसको आंधी- तूफान, बारिश फिर से चौपट करने में जुटी हुई है, यदि यही हाल रहा तो गेहूं की फसल घर नहीं आ पाएगी।

दीदी की इंट्री व कांग्रेसियों की खमोशी से हैरत में जनपदवासी

रायबरेली, चसं। लोकसभा चुनाव मिशन 2024 को लेकर जहां चुनावी तारिख सुनिश्चित कर दिया गया।यहां पर सोमवार से लेकर मंगलवार तक कांग्रेस के दो जिले के गढ़ में केन्द्रीय मंत्री स्मृतिईरानी इंट्री करके सनातन धर्म की तर्ज पर अपना प्रचार प्रसार तक प्रारंभ कर दिया है।हलाकि भाजपा पार्टी ने न तो रायबरेली व न ही जिला अमेठी से प्रत्याशी की लिस्ट घोषित किया है यही नही कांग्रेस पार्टी ने भी रायबरेली व अमेठी के प्रत्याशी तक नही घोषित किया है लेकिन केन्द्रीय मंत्री स्मृतिईरानी का चैत्र नवरात्रि पर्व के एक दिन पहले इंट्री उसके बाद मंदिरो में पूजा पाठ करके जीत की दुआ करने की कवायद बहुत कुछ बयां कर रहा है।जबकि कांग्रेस का कोई बड़ा नेता दोनो जिले में अपनी आमद तक नही दिखाया है जिससे राजनीति के इस अखाड़े में कौन मैदान में होगा ये प्रश्नचिन्ह बनकर खड़ा है। कांग्रेस पार्टी के साथ साथ कई निर्दलीय व अन्य पार्टी के प्रत्याशी आएंगे या नही मैदान में उनको लेकर भी संशय बरकरार है।

लगी गोदाम में आग, फ्लोर गोदाम में मचा अफरातफरी

रायबरेली, चसं। मिलएरिया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत संदिग्ध परिस्थितियो में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फ्लोर मिल के गोदाम में मंगलवार की सुबह 6 बजे के तकरीबन आग लग गया फैक्टरी में रखा सामग्री जलकर राख हो गया है।सूचना पर पहुंची दो फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया है।

25 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख

रायबरेली, चसं। महराजगंज थाना क्षेत्र के बाबूगंज मजरे अटरा में हाईटेंशन विद्युत लाइन की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से मंगलवार की सुबह 10:30बजे के तकरीबन आग लग गया।जिसमें जबतक दमकल कर्मी आकर आग बुझाते तब तक गांव बाबूगंज निवासी अब्दुलअली का 10 विस्वा, दयाराम का 5 विस्वा, जगदीश का 10 विस्वा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गया।वहीं इसी थाना के नगर पंचायत महराजगंज के वार्ड नंबर 2 आर्यनगर में मेड़ा देवी के यहां आग लग गया।जिसमें फूसफास के छप्पर में बंधे एक गाय व उसकी बछिया झुलसने के साथ साथ वहां पर रखी बाइक व अन्य सामग्री भी जलकर नष्ट हो गई है।दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया है।

गौ तस्करों को वाहन समेत गिरफ्त में पुलिस ने लिया

रायबरेली, चसं। डलमऊ थाना क्षेत्र के शोभावापुर के निकट चेकिंग के दौरान सोमवार व बुधवार की मध्य रात्रि पुलिस को गौ तस्करों की सूचना मुखबिर के द्वारा दिया गया। मौके से 4 गौ तस्कर को उनके बोलरो से गिरफ्त में लेकर उनके ट्रकडीसीएम में लदे कई मवेशियो से भरा हुआ बरामद किया।जबकि बोलेरो में कुल सात लोग थे जिसमें चार को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है जबकि तीन मौके से फरार हो गए।जिसको लेकर मवेशियों के तस्करी का वाक्या के लिए ऊंचाहार से कानपुर मार्ग को तस्कर क्यों मुफीद मानते है जिसका कारण है कि उनकी पुलिस की अंदरोनी मिली भगत भी रहता है लेकिन उच्चाधिकारियों की उसकी खबर तक नही रहता लेकिन जब अधिकारी जानते है तो फिर तस्करों के खिलाफ ही कार्रवाई किया जाता है यदि वर्दी की शाक पर बट्टा लगाने वालों पर भी शिकंजा कसा जाए तो शायद कुछ सुधार हो सकता है।उधर सीओ ने बताया कि प्रकरण की जांच किया जा रहा है जिसमें तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दे दिया गया है।

घर से नगदी और जेवरात चोरी

रायबरेली, चसं। सरेनी थाना क्षेत्र के गांव सिंघौर निवासी राजेन्द्र साहू के घर से नगदी व जेवरात चोरो ने चोरी कर लिया ।जिसकी सूचना मंगलवार के दिन थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत पुलिस से किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि जांच करके कार्रवाई किया जाएगा।

घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

रायबरेली, चसं। सलोन थाना के गांव पूरे जुड़ावन निवासी अजय कुमार 28वर्ष पुत्र रामकिशोर घरेलू विवाद के कारण से छुब्द होकर घर पर रखे जहरीला पदार्थ खा लिया।जिनकी हालत गंभीर होने पर परिजन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां पर उनकी हालत में सुधार न होने पर रेफर करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।सीएचसी सलोन के अधीक्षक ने बताया कि युवक जहरीला पदार्थ खाया था जिसके कारण उनके रेफर कर दिया गया था।

महिला ने लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

रायबरेली, चसं। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव पयागपुर निवासिनी ज्योति सिंह ने गांव के कुछ लोगों पर गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भूमि पर कब्जा करने की धमकी देने का आरोप लगाया है।जिसकी लिखित शिकायत थाने में किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

एसडीएम की कुर्सी पर बैठने का फोटो वायरल

रायबरेली, चसं। डलमऊ तहसील परिसर के अंदर एसडीएम की कुर्सी पर बैठने के बाद उसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चुनावी महौल होने पर हड़कंप मच गया है।जिसको लेकर तहसील के कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।एडीएम प्रशासन ने बताया कि एसडीएम की कुर्सी का दुरूप्रयोग करने का प्रकरण माना जाता है जिसकी जांच करवाया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे ने थाना जीआरपी पीलीभीत का किया आकस्मिक निरीक्षण

लखनऊ, चसं। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ हृषीकेश यादव द्वारा चैत्र नवरात्रि, पूर्णागिरी मेला, ईद व लोकसभा चुनाव 2024 पर सुरक्षा के दृष्टिगत थाना जीआरपी पीलीभीत का आकस्मिक निरीक्षण करके यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाली ट्रेनों में सघन चेकिग की करके निर्देश दिए कि ट्रेन व रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु व मादक/ज्वलनशील पदार्थ की लगातार चेकिंग की जाये। पुलिस कर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

यात्रियों का सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ, चसं। थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट द्वारा ट्रेन के यात्रियों के मोबाइल, बैग, आभूषण व अन्य सामान की चोरी करने वाला अभियुक्त शनि यादव गिरफ्तार, जिसके कब्जे से चोरी के जेवरात व नगदी बरामद। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उ0प्र0 लखनऊ जय नरायन सिंह के आदेश के अनुपालन में पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे उ0प्र0 लखनऊ राकेश पुष्कर एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट/जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामियां/वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास कुमार पाण्डेय के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैन्ट राकेश कुमार राय द्वारा जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम उपनिरीक्षक भोलाशंकर मय पुलिस बल द्वारा चोरी गये ज्वैलरी व नगदी रूपये 1220 तथा धनराशि- 1510 रूपए शातिर किस्म का अपराधि शनि यादव को बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार किया गया अभियुक्त शनि यादव पुत्र स्व0 राजा यादव निवासी दलपतपुर खमरिया थाना औराई जिला संत रविदासनगर का रहने वाला है।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में पूजी गईं मां शैलपुत्री

लखनऊ, चसं। मंगलवार से शुरु हुए चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भारी भीड़ जुटी। राजधानी के चौक स्थित छोटी काली जी मंदिर में बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी और शास्त्री नगर दुर्गा देवी समेत अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। लोग देवी मां के दर्शन-पूजन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद लिया। नवरात्र के पहले दिन शक्ति पीठ चंद्रिका देवी मंदिर में मां का भव्य श्रृंगार किया गया। चौत्र नवरात्र के आज पहले दिन शक्ति पीठ चौक स्थित छोटी काली जी में देवी माँ स्वरूप पालने की भव्य आरती की गई और भोर से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। आरती के वक्त मौजूद श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए देवी गीत भी गाए। साथ ही वैदिक पंडितो द्वारा विशेष अनुष्ठान कराये जा रहे है। मां चंद्रिका देवी मंदिर मेला विकास समिति के सदस्य राजेश सिंह चौहान ने बताया कि इस बार चौत्र नवरात्रि पर विशेष तैयारी की जायेगी। नौ दिनों देवी के अलग अलग स्वरूपों की पूजा और श्रृंगार भी अलग अलग होगा। प्रतिदिन मंदिर में भजन संध्या और कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे।

51 शक्ति पीठ में मां का नीलांबर श्रृंगार

लखनऊ, चसं। नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में भारतीय नव संवत की प्रथम बेला की वार्सतिक नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री का पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर में प्रथम दिन शैलपुत्री मां का निलाम्बर श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को नीले रंग से सजाया गया। मंदिर में सेवादार सभी नीले रंग मे थे। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए।

यूपी में खामोशी से प्रचार की रणनीति पर विपक्ष

लखनऊ, चसं। उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर काम रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना तैयार की जा रही है।पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है लेकिन अभी तक सपा और कांग्रेस ने अलग-अलग या संयुक्त रूप से एक भी रैली नहीं की है। सूत्रों की माने तो सपा मतदान से पहले बड़े पैमाने पर अपनी ताकत का प्रदर्शन करना नहीं चाहती है। इसके पीछे की वजह है कि अपने मजबूत गढ़ों में भाजपा को सक्रियता बढ़ाने के लिए न उकसाया जाए।कांग्रेस में गांधी परिवार के एक नजदीकी नेता बताते हैं कि यूपी में पिछले चुनावों में बड़ी रैलियां कीं लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। इस बार प्रत्याशी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत पॉकेट हैं, वे नहीं चाहते कि भाजपा उनमें सेंध लगा पाये। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति है कि उनके बेस वोट में जो भी अन्य मतदाता प्लस हो सकते हैं, उन पर बिना किसी शोरशराबे के फोकस हो।

डमी बैलेट पेपर का आकार और रंग असली जैसा न हो

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट के निर्माण एवं उपयोग करने से सम्बन्धित दिशा निर्देश जारी किए हैं। मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों द्वारा तैयार की गयी डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों की हो सकती है, जो आधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है।

डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है। इसमें एक बैटरी चालित बटन और एक लैंप भी हो सकती है, जो कि बटन दबाते समय जल सके। उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव में उपयोग किये जाने वाले वास्तविक बैलेट पेपर में वह स्थान जहां पर उसका प्रतीक दिखायी देगा, अपने नाम और प्रतीक का उपयोग करके डमी बैलेट पेपर छपवाता है, इस पर आयोग को आपत्ति नहीं है।

निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले किसी अन्य उम्मीदवार का नाम और प्रतीक डमी बैलेट पेपर में शामिल न हो। डमी बैलेट पेपर भूरे, पीले या स्लेटी आदि किसी भी रंग में छपवाया जा सकता है। सफेद या गुलाबी रंग में न हो। डमी बैलेट पेपर आकार और रंग में वास्तविक बैलेट पेपर जैसा नहीं होना चाहिए।

मतदेय स्थलों पर हो मतदाता और चुनाव कर्मियों को गर्मी व लू से बचाव के इंतजाम : उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून महीनों की भीषण गर्मियों के दौरान हो रहे है लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उपनिर्वाचन ने व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू

से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग आईएमडी की लू के सम्बन्ध में की गयी भविष्यवाणी के दृष्टिगत और स्थानीय जलवायु पैटर्न के आधार पर लू की स्थिति वाले क्षेत्रों में स्थित मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें। इसके लिए लू के प्रभाव को कम करने के लिए मतदेय स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं समय से पूरी करना सुनिश्चित करें। मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए ऐसे मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें-टेंट, छतरियां कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक

प्रशिक्षण में कर्मियों को दी जाये गर्मी मे बचाव की जानकारी : सीईओ

तापमान बनाए रखने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पंखे या मिस्टिंग पंखे जैसे आदि उपकरण भी लगाये जाए। मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाये। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखे। आम जनता को लू से बचाने संबंधी सुरक्षा नियमों का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और सार्वजनिक घोषणाओं सहित विभिन्न संचार चौनलों का उपयोग किया जाए।

कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त, निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं

अपराधिक व्यक्तियों के 480 लाइसेंसी शस्त्र जब्त 3946 निरस्त और 13,61,464 लोग पाबन्द

लखनऊ, चसं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1825 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 08 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 480 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3946 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 20,79,645 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 13,61,464 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 5022 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5249 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 260 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1634 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 88 केन्द्रों को सीज किया गया। 08 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 25 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 75,593 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

तनावग्रस्त पुलिसकर्मियों को सशस्त्र गार्ड और स्कॉर्ट ड्यूटी से रखा जाए

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● डीजीपी ने जारी किए निर्देश

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार ने ड्यूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी के निर्देश है कि जो पुलिस कर्मचारी तनाव ग्रस्त हैं उन्हें सशस्त्र गार्ड व एस्कॉर्ट ड्यूटी से दूर रखा जाएगा।पिछले दिनों वाराणसी में एक हेड कांस्टेबल द्वारा शिक्षक की हत्या के मामले में देखा गया था कि तनाव ग्रस्त पुलिस कर्मचारियों ने घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद सीख लेते हुए अब तनाव से ग्रसित पुलिस कर्मचारियों को सशस्त्र ड्यूटी नहीं दी जाएगी। आला अधिकारियों की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि मानसिक रूप से परेशान, बीमा, तनाव ग्रस्त व नशे के आदि पुलिस कर्मचारियों को शास्त्र नहीं उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण ड्यूटी से दूर रखा जाएगा। डीजीपी की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि राजपत्रित अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि सशस्त्र ड्यूटी उन्ही कर्मचारियों की लगाई जाए जो मानसिक रूप से स्वस्थ व जिम्मेदार है जो कर्मचारी लापरवाह और तनाव ग्रसित प्रतीत होंगे उन्हें सशस्त्र ड्यूटी पर नहीं लगाया जाएगा।

पिछले दिनों वाराणसी व उससे पहले भी कई ऐसी घटनाएं देखने को मिली है जब तनाव में ग्रसित पुलिस कर्मचारियों द्वारा आमजन मानस को ड्यूटी के दौरान नुकसान पहुंचाया गया है ऐसे में इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है कि वाराणसी जैसी घटनाएं दोबारा ना हो, इसलिए डीजीपी उत्तर प्रदेश की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

सपा और बसपा के कई नेता भाजपा में शामिल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के द्वारा मोहनलालगंज लोकसभा के जनमानस से किया आह्वान

लखनऊ। मोहनलाल गंज लोकसभा क्षेत्र के गांव मीसा में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के नेतृत्व में प्रधान, बीडीसी समेत सैकड़ो लोगों ने सपा और बसपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए।

केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के द्वारा मोहनलालगंज लोकसभा के जनमानस से आह्वान किया गया है कि लोकसभा के सभी पार्टी के लोग और जनमानस विकसित भारत बनाने में मोदी जी का साथ दें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे इसके बाद से लोकसभा अंतर्गत कौशल किशोर द्वारा की ज्यादा बैठकों एवं कार्यक्रमों में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी एवं अन्य पार्टियों से नेता एवं समर्थन भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित होकर विकसित भारत संकल्प साकार करने का संकल्प ले रहे हैं। मीसा, गोसाईगंज में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र रावत, मलौली प्रधान धर्मेंद्र कुमार, बाजूपुर प्रधान उषा देवी, सलोनी प्रधान लउआ, वासिमपुर प्रधान शिमला देवी, सठवारा प्रधान सुखई, बेली प्रधान अखिलेश, महुरा खुर्द प्रधान शालिग राम, हसनपुर प्रधान राज बहादुर, टिकानिया मऊ प्रधान मोहम्मद हसीब, रहमत नगर प्रधान मनीष कुमार, देई टिकर प्रधान रामखेलावन, पूर्व प्रधान महमूदपुर अशोक कुमार, मोहारी कला से रामकुमार, पूर्व प्रधान रामशरण वर्मा, आदमपुर मितौली से विनोद कुमार वर्मा, प्रधान दीपक सिंह, बाजगीहा प्रधान राम मनोहर, मोहम्मदाबाद प्रधान मनीष कुमार, इचवलिया प्रधान हरि सिंह, सेमरापितपुर प्रधान राजबहादुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सपा बलिराम रावत, सुंदर नगर से अनिल कुमार, रामकुमार, अजय कुमार, रोहित कुमार, राजकुमार, अमरेश रावत, रंजीत कुमार, कुलदीप कुमार, संजीत कुमार, संदीप कुमार, राम अचल, प्रेम कुमार, राम सुमिरन, सलाही मऊ से सुभाष कुमार, लोखरीहा से विनोद कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश रावत, मिरदहा खेड़ा से महेंद्र कुमार, खुरखुन्दा पुर से राममिलन, सल्लाही मऊ से कन्हैया लाल, अनिल कुमार, और गोपी रावत, पवन, चंद्रकेश रावत, विमल कुमार, अमृतलाल, अरुण वर्मा, अजय वर्मा, चंद्रपाल रावत, अमर सिंह वर्मा, अश्वनी रावत, देश कुमार, जगदीश, सनी कुमार, अभिषेक, रवि प्रकाश, देवा, बालवीर, छोटू, उदयराज, रामविलास, सचिन कुमार, लक्ष्मण, मेवा लाल, अंशु, पप्पू, संतोष कुमार, गोलू रावत, वीरेंद्र वर्मा, रामगुलाम, सत्यनाम, अमित कुमार, अर्जुन रावत, बबलू, भारत, उमेश कुमार, दशरथ, दुलन रावत आदि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेता एवं समर्थन भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए।

सभी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री से योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों और सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के सर्व सुलभ स्वभाव एवं उनके द्वारा विकसित भारत संकल्प में मोहनलालगंज लोकसभा के सभी जनमानस द्वारा राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के आह्वान पर वह उनके साथ आकर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करने और लोकसभा में भारी वोटो से जिताने और विकसित भारत बनाने के लिए फिर से मोदी सरकार बनाने का कार्य करेंगे।

खनिज भवन में लगी भीषण आग

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोखले मार्ग स्थित खनिज भवन में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं आग लगने की वजह से खनिज विभाग की कई अहम फाइल और दस्तावेज जलकर राख हो गए। बताया जा रहा है कि खनिज भवन के पीछे पड़े कूड़े के ढेर में किसी कारण आग लग गई। धारे धीरे आग फैलकर बिल्डिंग के निचले हिस्से में पकड़ ली और देखते ही देखते ती चौथे मंजिल तक बिल्डिंग का पिछला हिस्सा जलने लगा। वहीं आग की उठती लपट और धुआं देखकर बिल्डिंग में मौजूद कर्मचारी में अफरा तफरी मच गई और सीढ़ियों से सभी कर्मचारी सकुशल बिल्डिंग के बाहर निकल गए।

फिलहाल आग की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस बल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। इस अग्निकांड में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन विभाग के कई अहम दस्तावेज और फाइलें जलने की आंशका जताई जा रही है। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि फायर विभाग को 2.18 मिनट पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। ऐसे में दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट है। हालांकि खनिज भवन के फायर सिस्टम अच्छे होने की वजह से एक ही दमकल की गाड़ी प्रयोग में ली गई और फायर सिस्टम की वजह से आग बुझाने में काफी मदद मिली। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग के पीछे पड़े कूड़े के ढेर में किसी चिंगारी की वजह से आग भड़की और बिल्डिंग में पकड़ ली। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

रोड पर दौड़ती वैगनआर सीएनजी कार में लगी आग

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ में कानपुर बाईपास पर एक वैगनआर सीएनजी कार में आग लग गई। आग लगने के बाद कुछ ही मिनट में वैगनआर कर आग का गोला बन गई। हालांकि गाड़ी में आग लगते ही गाड़ी सवार बाहर निकल आए जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गाड़ी को जलते हुए देख राहगिरों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने वैगनआर कर में लगी आग पर काबू पा लिया है। गाड़ी में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह पहला मामला नहीं है जब राजधानी लखनऊ की सड़कों पर दौड़ रही चार पहिया गाड़ियों में आग की घटना सामने आई है। इससे पहले भी कई ऐसी घटनाएं सामने आई है। राजधानी लखनऊ में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही है जहां मंगलवार को कानपुर बाईपास में वैगनआर कार में आग लगने की घटना सामने आई तो इससे पहले 1090 चौराहे पर भी एक कार में आग लग गई थी। पिछले दिनों एक मोटरसाइकिल में आग लगने की घटना सामने आई थी। वाहनों में आग लगने के साथ बिल्डिंगों में भी आग लगने के मामले सामने आए हैं। बीते दिन गोमती नगर एक्सटेंशन के पॉस अपार्टमेंट के दो माले में आग लग गई थी। हालांकि मौके पर पहुंचकर दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया था। इससे पहले बादशाह नगर स्थित एक होटल में भी आज की घटना सामने आई थी। पिछले 1 महीने में आधा दर्जन से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

अखिलेश से मिले समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र, कहा-राष्ट्रवाद के मोर्चे पर भाजपा विफल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मुलाकात की। दीपक ने अखिलेश के साथ हुए संवाद को सार्थक, स्नेहासिक्त और सकारात्मक बताते हुए कहा कि बात चीत समाजवाद व गणतंत्र के सर्वतोन्मुखी सशक्तीकरण पर केंद्रित रही।

संवादोपरांत बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक ने कहा कि भारतीय राष्ट्रवाद की कटिबद्ध कसौटियों पर भाजपा की केंद्र सरकार पूर्णतया विफल है। भारत की लगभग 43 हजार 1सौ 80 वर्ग किलोमीटर पर चीन जबरन काबिज है जिसमें हिंदुस्तान की 5 हजार 1सौ 80 वर्ग किलोमीटर भूमि पाकिस्तान ने चीन को गिफ्ट दे रखा है। भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर पाकिस्तान अपना झंडा फहरा रहा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार 10 इंच जमीन भी वापस नहीं ले सकी। पवित्र कैलाश और मानसरोवर तक विदेशी कब्जे में है। शिवस्थान के दर्शन के लिए चीन से वीजा लेना पड़ता है। दुखद है कि कैलाश मानसरोवर समेत भारत की भूमि की वापसी के लिए केंद्र सरकार कोई उल्लेखनीय प्रतिबद्ध प्रयास तक नहीं किया गया। भाजपा ने राष्ट्र प्रथम को केवल चुनावी नारा बना कर छोड़ दिया है। भाजपा पहले अपने एक दशक के कार्यकाल का हिसाब दे फिर पिछली सरकारों पर प्रश्नचिन्ह लगाए। मोदी हर सार्वजनिक मंच से कहते थे कि जिस दिन वे प्रधानमंत्री बनेंगे, भारत की सारी जमीन वापस लाएंगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े इतने संवेदनशील सवाल को भूल गए। दीपक ने बताया कि बौद्धिक सभा नवसंवत्सर से प्रतिदिन राष्ट्रहित से जुड़े हुए एक प्रश्न को उठाएगी और सरकार से जवाब मागेंगी। यह अभियान दो जून तक चलेगा। बौध्दिक सभा रामराज्य, राष्ट्रीयता और समाजवाद की अवधारणाओं से जनमानस को अभियान चला अवगत कराएगी ताकि इनके नाम पर बोले जा रहे झूठ का पर्दाफाश हो। लोहिया चुनाव को बहस चलाने का एक जनोत्सव मानते थे। सशक्त गणतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान नितांत आवश्यक है।

दीपक मिश्र ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लोकनायक जयप्रकाश की पुस्तक समाजवाद क्यों और अपनी पुस्तक समाजवाद ही क्यों भेंट की।

मेट्रो स्टेशन पर मेगा समर गंजिंग कार्निवल में यात्रियों ने की जमकर खरीदारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन की ओर से इस बार 8 से 9 अप्रैल को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर दो दिवसीय मेगा समर गंजिंग कार्निवल का आयोजन किया। मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट, पौधे पूरी तरह से श्मेक इन इंडियाश् स्वदेशी वस्तुओं को प्रदर्शन,बिक्री के लिए करीब 40 स्टॉल विक्रेताओं ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर सजाया था। मंगलवार को मेट्रो स्टेशन पर समर कार्निवल का समापन समारोह खूब धूम रही। मेट्रो यात्रियों की भारी भीड़ हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने के लिए उत्साहित दिखी। लखनऊ मेट्रो ने छोटे एवं मझौले विक्रेताओं को मंच देने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर स्टॉल लगाने की सुविधा दी है। लखनऊ मेट्रो ने पिछले एक साल में ऐसे करीब 40 आयोजन किए हैं जहां स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिला है। लखनऊ मेट्रो ने चारबाग एवं हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेले का भी आयोजन किया है। चारबाग मेट्रो स्टेशन पर 12 मार्च से बुकलैंड बुक फेयर जारी है जो 24 अप्रैल तक चलेगा। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर भी 5 अप्रैल से पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है जो 20 मई 2024 तक जारी रहेगा।

उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधिशासी अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट, उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

क्र सं.	निविदा सं.	कार्य का नाम
1	10/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2023–24	वर्ष 2024–25 और 2025–26 के लिए एजेंसियों के अपने टूल, प्लांट और मैटेरियल हैंडलिंग की व्यवस्था के साथ, थर्मिट पोर्शन प्लांट के परिसर में, थर्मिट पोर्शन प्लांट/उत्तर रेलवे/लखनऊ की आवश्यकता के अनुसार, मिल स्केल और स्टील चिप्स की रोस्टिंग और छनाई तथा सूक्ष्म मिश्र धातुओं की कुटाई और छनाई।
2	अनुमानित लागत	रु. 8,52,48,136.87 मात्र
3	धरोहर राशि	रु. 576300.00 मात्र
4	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 माह
5	निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि	19.04.2024
6	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय	निविदा 03.05.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी।
7		**न्यूनतम पात्रता की शर्तें:**
अ	तकनीकी	(ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलता पूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
ब	वित्तीय	निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञाप्ति मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/ लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा।
8	एक समान कार्य	मिल/स्केल/नेल चिप्स को भूनना या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य।
9	वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है।	**www.ireps.gov.in** कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता/थर्मिट पोरशन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ

नोट : 1. कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जावेगी।

निविदा सूचना संख्या : 10/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2023-24 दिनांक 06.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1023/24

मन की एकाग्रता ही समग्र ज्ञान है, बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु, मौन, क्रोध की सर्वोत्तम चिकित्सा है, दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो, खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है : स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

जांच पर आंच

पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग देने का पुराना इतिहास रहा है। अब चाहे वहां वामपंथी शासन रहा हो, कांग्रेस का हो या अब तृणमूल कांग्रेस का हो। लेकिन शुरुआती सूचनाओं के हिसाब से जल्दबाजी में किसी निष्कर्ष तक पहुंचना ठीक नहीं है। निस्संदेह, आम चुनाव की तरफबढ़ रहे देश में जांच एजेंसियों के एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने से उनकी निष्पक्षता पर प्रश्न उठना भी स्वाभाविक ही है। इससे जहां एजेंसियों की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं देश की चुनाव प्रक्रिया पर भी आंच आती है। बहरहाल इस घटनाक्रम के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के दस सांसदों ने सोमवार को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। पुलिस बाद में सांसदों को जबरन उठाकर ले गई। लेकिन इसके बावजूद किसी मामले में जांच-पड़ताल को गई किसी एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करना भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। ऐसे मामले में भीड़ की अराजकता स्वीकार्य नहीं है। लेकिन एक बात तो तय है कि पश्चिम बंगाल के ईस्ट मेदिनीपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह एनआईए अधिकारियों पर हमले का निष्कर्ष है कि राज्य के तंत्र ने विगत के घटनाक्रम से कोई सीख नहीं ली। ध्यान रहे कि इस साल की शुरुआत में संदेशखाली प्रकरण में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम भीड़ के हमले का शिकार बनी थी। फ्रि इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई थी। जाहिर है ऐसे घटनाक्रम राजनीति से इतर स्वतंत्र जांच की उम्मीद को खत्म करते हैं। निस्संदेह घटनाक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्यों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि एनआईए यह जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के कहने पर कर रही है।

दरअसल, मामला साल 2022 में हुए एक बम धमाके से जुड़ा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसकी जांच लंबे अर्से बाद उच्च न्यायालय द्वारा एनआईए को सौंपी गई। एजेंसियों ने पूछताछ के लिये आरोपियों को कई बार बुलाया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। कहा जा रहा है कि एजेंसी ने यह कार्रवाई उचित नियमों के अनुरूप ही की है। बहरहाल, राजनीति से इतर हमें मानना होगा कि किसी मामले में केंद्रीय एजेंसी से जुड़े अधिकारियों पर हमला व कामकाज में अवरोध पैदा करना संघीय व्यवस्था के लिये घातक ही है। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में भी ईडी अधिकारियों पर हमला हुआ था। लेकिन राज्य सरकार ने मुख्य आरोपी के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की। तब भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में विवाद बढ़ते देख आरोपियों को तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। आरोपी पार्टी का बाहुबली नेता था। घटनाक्रम से राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठे थे। सवालिया निशान राज्य की कानून व्यवस्था व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की अनदेखी पर भी उठे थे। वहीं राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर एजेंसियों द्वारा पार्टी के नेताओं को डराया जा रहा है। दूसरी ओर तृणमूल सुप्रीमो एनआईए द्वारा बम धमाके के आरोपी की गिरफ्तारी के लिये रात में जाने को लेकर सवाल उठा रही हैं। उनकी दलील है कि ग्रामीण रात को आने वाले अनजान व्यक्ति को देखकर आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या छापेमारी से पहले एनआईए ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया था? या फिर राजनीतिक दबाव में काम कर रही स्थानीय पुलिस को सूचना देने से गोपनीयता भंग होने की आशंका से एनआईए ने छापे की पूर्व सूचना नहीं दी?

वर्ष प्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है

ईसाई मत में ईसा मसीह का जन्म इतिहास की निर्णायक घटना मानी गई है। अतः कालक्रम को BC (Before Christ) और AD (Anno Domini) अर्थात In the year of our Lord में बांटा गया। किंतु, यह पद्धति ईसा के जन्म के बाद भी कुछ सदियों तक प्रचलन में नहीं आई थी। इसके साथ ही, आज के ईस्वी सन का मूल रोमन संवत है। यह ईसा के जन्म के 753 वर्ष पूर्व रोम नगर की स्थापना से प्रारम्भ हुआ। तब इसमें 10 माह थे (प्रथम माह मार्च से अंतिम माह दिसम्बर तक) वर्ष होता था 304 दिन का। बाद में राजा नूमा पिंपोलियस ने दो माह (जनवरी एवं फरवरी) जोड़ दिए। तब से वर्ष 12 माह अर्थात 355 दिन का हो गया। यह ग्रहों की गति से मेल नहीं खाता था।

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है। वर्ष प्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा 'ऊं' का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्ध्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अत इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों।

वैदिक शुभकामना

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्ताक्र्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिरदधातु।।

अर्थात, महान यशस्वी इंद्र एश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। ताक्षर्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिवृत्त के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा ताक्षर्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण व पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है। वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आर्युवेदाचार्य, (2) वररुचि-व्याकरणचार्य, (3) कालीदास-महाकवि,(4)वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी,(5) शंकु-शिक्षा शास्त्री, (6) अमरसिंह-साहित्यकार, (7) क्षणपक-न्यायविद दर्शनशास्त्री,(8) घटकर्पर-कवि, (9) वेतालभट्ट-नीतिकार।

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है। इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में 'साइंस एंड कल्चर' पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार, लगभग पूरे विश्व में लागू ईसवी सन का मौलिक सम्बंध ईसाई पंथ से नहीं है और यह यूरोप के अर्धसभ्य कबीलों में ईसामसीह के बहुत पहले से ही चल रहा था। इसके अनुसार एक वर्ष में 10 महीने और 304 दिन ही होते थे। वर्ष के कैलेंडर में जनवरी एवं फरवरी माह तो बाद में जोड़े गए हैं। पुरानी रोमन सभ्यता को भी तब तक ज्ञात नहीं था कि सौर वर्ष और चंद्रमास की अवधि क्या थी। यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया। ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया। साथ ही, यूरोप के कैलेंडर में 28, 29, 30, 31 दिनों के महीने होते हैं, जो विचित्र है क्योंकि यह न तो किसी खगोलीय गणना पर आधारित हैं और न ही किसी प्रकृति चक्र पर। उक्त वर्णित कारणों के चलते कैलेंडर रिफोर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफ़ारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेज़ी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया। हालांकि, विदेशी सिद्धांतो पर आधारित गणनाओं में कई विसंगतियाँ पाई गई हैं। चिल्ड्रन्स ब्रिटानिका के प्रथम खंड (1964) में कैलेंडर का इतिहास बताया गया है। इसमें यह बताया गया है कि अंग्रेजी कैलेंडरों में अनेक बार गड़बड़ हुई हैं एवं इसमें समय समय पर कई संशोधन करने पड़े हैं। इनमें माह की गणना चंद्र की गति से और वर्ष की गणना सूर्य की गति पर आधारित है। **:: एजेंसी**

इलेक्ट्रिक वाहन के लिए महत्वपूर्ण वर्ष होगा 2024

साल 2024 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित करने के लिए तैयार है। पर्यावरणीय चिंताओं, सख्त नियमों और तकनीकी प्रगति से प्रेरित, ईवी बाजार में विस्फोटक वृद्धि हो रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर परिवहन परिदृश्य बदल रहा है। इस परिवर्तन में सबसे आगे चीन खड़ा है, एक ऐसा देश जिसने रणनीतिक रूप से खुद को ईवी उद्योग में निर्विवाद नेता के रूप में स्थापित किया है। चीन का प्रभुत्व अनेक कारकों के संगम से उत्पन्न होता है। उदार सब्सिडी और आक्रामक उत्पादन लक्ष्य जैसी सरकारी नीतियों ने एक जीवंत घरेलू ईवी बाजार का पोषण किया है। बीवाईडी और एनआईओ जैसे चीनी निर्माताओं ने इन प्रोत्साहनों का लाभ उठाया है, अनुसंधान और विकास में संसाधन लगाए हैं, और आकर्षक मूल्य बिंदुओं पर प्रतिस्पर्धी ईवी की एक विविध श्रृंखला तैयार की है।सामर्थ्य पर यह ध्यान विशेष रूप से सफ्ल साबित हुआ है, जिससे ईवी चीनी आबादी के व्यापक हिस्से के लिए सुलभ हो गई है। परिणाम? चीन वैश्विक ईवी बाजार में जबरदस्त हिस्सेदारी का दावा करता है। 2023 में, सभी नई ईवी बिक्री में चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 69फीसदी थी।

बीवाईडीटेस्ला को पछाड़कर दुनिया की अग्रणी ईवी निर्माता बन गई है। यह प्रभुत्व घरेलू सीमाओं से परे तक फैला हुआ है। पिछले साल की गति पर सवार होकर, चीनी वाहन निर्माता आक्रामक रूप से उभरते बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, तथा वे स्थापित खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहे हैं। यह बदलाव विशेष रूप से यूरोप में स्पष्ट है, जहां एक स्थिर ईवी बाजार को बजट-अनुकूल चीनी ब्रांडों के आगमन में आशा मिलती है। चीनी ईवी निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। बीवाईडी और एसएआईसी जैसी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजारों, विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों पर अपनी नजरें जमा रही हैं। यहां, चीन के मजबूत आर्थिक संबंध और स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के लिए उसका जोर एक विजयी फॉर्मूला साबित हो रहा है। हालांकि, चीन का नेतृत्व चुनौतियों से रहित नहीं है। तीव्र वृद्धि ने आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। लिथियम और कोबाल्ट जैसी महत्वपूर्ण सामग्री की कमी से उत्पादन बाधित होने का खतरा है, जबकि बैटरी रीसाइक्लिंग और इन संसाधनों के खनन के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में चिंताएं बनी हुई हैं। इसके अतिरिक्त, चीनी ईवी निर्माताओं के बीच भयंकर प्रतिस्पर्धा से मूल्य युद्ध हो सकता है। इससे संभावित रूप से लाभ मार्जिन कम हो सकता है और दीर्घकालिक स्थिरता में बाधा आ सकती है। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और जापान में स्थापित वाहन निर्माता आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पारंपरिक कार कंपनियां विद्युतीकरण में भारी निवेश कर रही हैं। वे अपने स्वयं के ईवी प्लेटफॉर्म विकसित करने में संसाधन लगा रही हैं और बैटरी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही हैं। आगामी 2024 अमेरिकी चुनाव ईवी नीतियों के लिए एक युद्ध का मैदान होने की उम्मीद है, जिसमें संभावित सरकारी प्रोत्साहन अमेरिकी ईवी बाजार के भविष्य को आकार देंगे। यूरोप में, सख्त उत्सर्जन नियम कार निर्माताओं को मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, अपने ईवी रोलआउट में तेजी लाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जहां एक ओर चीन और स्थापित खिलाड़ी वर्तमान कथा पर हावी हैं, दावेदारों की एक नई लहर उभर रही है। भारत, जिसका बढ़ता मध्यम वर्ग और कुख्यात प्रदूषित परिवहन क्षेत्र ईवी के लिए एक विशाल अप्रयुक्त बाजार प्रस्तुत करता है। भारत सरकार फेम योजना जैसी पहलों के माध्यम से सक्रिय रूप से इलेक्ट्रिक गतिशीलता को बढ़ावा दे रही है, जो ईवी खरीद के लिए सब्सिडी प्रदान करती है। मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स जैसे प्रमुख भारतीय कार निर्माता तेजी से ईवी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, हाल के महीनों में मारुति सुजुकी ईवी एक्स और टाटा नेक्सॉन ईवी जैसे नए मॉडल बाजार में आए हैं। हालांकि, भारत की ईवी महत्वाकांक्षाओं को महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। उच्च अग्रिम लागत व्यापक रूप से अपनाने में एक बड़ी बाधा बनी हुई है, खासकर दोपहिया ईवी के लिए, जो भारतीय बाजार पर हावी है। इसके अतिरिक्त, मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे की कमी, विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों में, संभावित खरीदारों के बीच चिंता पैदा करती है।इन चुनौतियों के बावजूद, विश्लेषक भारत के ईवी भविष्य को लेकर आशावादी हैं। आने वाले वर्षों में बाजार में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है, पूर्वानुमान के अनुसार 2025 तक 6 फीसदी से अधिक की संभावित बाजार हिस्सेदारी होगी। इस उभरते उद्योग की सफ्लता कई कारकों पर निर्भर करती है। सब्सिडी और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से निरंतर सरकारी समर्थन महत्वपूर्ण होगा। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को आकर्षित करना, विशेष रूप से बैटरी विनिर्माण की दिशा में, एक मजबूत घरेलू ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए आवश्यक होगा।

यूरोप में, सख्त उत्सर्जन नियम कार निर्माताओं को मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ, अपने ईवी रोलआउट में तेजी लाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। जहां एक ओर चीन और स्थापित खिलाड़ी वर्तमान कथा पर हावी हैं, दावेदारों की एक नई लहर उभर रही है। भारत, जिसका बढ़ता मध्यम वर्ग और कुख्यात प्रदूषित परिवहन क्षेत्र ईवी के लिए एक विशाल अप्रयुक्त बाजार प्रस्तुत करता है। भारत सरकार फेम योजना जैसी पहलों के माध्यम से सक्रिय रूप से इलेक्ट्रिक गतिशीलता को बढ़ावा दे रही है, जो ईवी खरीद के लिए सब्सिडी प्रदान करती है।

सबसे बड़ी बाधा सामर्थ्य बनी हुई है। सरकारी सब्सिडी के बावजूद, ईवी अभी भी अपने गैसोलीन-संचालित समकक्षों की तुलना में काफी अधिक महंगे हैं। यह विशेष रूप से दोपहिया ईवी के लिए सच है, जो भारतीय बाजार पर हावी हैं। जब तक बैटरी की लागत कम नहीं हो जाती और ईवी पारंपरिक वाहनों के साथ मूल्य समानता तक नहीं पहुंच जाते, तब तक व्यापक रूप से इसे अपनाना एक चुनौती बनी रहेगी। एक और प्रमुख चिंता है मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढांचे की कमी, खासकर प्रमुख शहरों के बाहर। यह संभावित खरीदारों के बीच श्रेंज चिंताएं पैदा करता है, जो चार्जिंग स्टेशन तक पहुंचने से पहले बिजली खत्म होने की चिंता करते हैं। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की तेजी से स्थापना, सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना और बैटरीस्वैपिंग प्रौद्योगिकियों जैसे नवीन समाधानों की खोज करना शामिल है। **:: एजेंसी**

आयुर्वेद नहीं है बिकाऊ

स्वास्थ्य परिरक्षण एवं जीवनशैली से संबंधित विषयों पर इलाज के बड़े बड़े वादे इस देश में किए जाते रहे हैं। शर्तिया इलाज के नाम पर टंगे पोस्टर और फ्लेक्स जीवन सुधार देने के नाम पर झूठी आस बंधाते यहां-वहां टंगे दिख जाएंगे। आयुर्वेद की छवि मटियामेट करने में इस प्रकार के झूठे दावों का बड़ा हाथ है। बिना वैज्ञानिक पुष्टि किए इन्हीं दावों के कारण जीवन के परिरक्षण

में महारत हासिल एक विज्ञान को इतने अधिक बुरे दिन देखने पड़े जितने कि अंग्रेजी शासन के दौरान इस विधा ने नहीं देखे थे। एक तथ्यात्मक बात है, इस संसार में अमरता का कोई ज्ञान उपलब्ध नहीं है। जो कोई इस संसार में आया है, उसका जाना भी तय है। इसलिए दीर्घायु के दावे करना और दीर्घायु का कोई जोड़ खोज निकालने का दंभ भरना, अपनी दुकान चला लेने की दृष्टि से यह एक अनोखा अनुप्रयोग भले हो सकता है, लेकिन यह वैज्ञानिक दृष्टि में जीवन किसी पोंजी स्कीम में लगा डालने जैसा है जिसके अंत में अपना ही नुकसान होना तय है। वादों से भरे भाषणों ने पहले ही हमारा बेहद नुकसान किया है। अब औने-पौने दावों में न आकर स्वास्थ्य को नुकसान होने से बचाना, यह जिम्मेदारी हमारी बनती है। स्वयं आयुर्वेद में किसी व्याधि की चिकित्सा के संदर्भ में किसी झूठे दावे का उल्लेख पढने में नहीं आता। अतः पुराने ग्रंथों से बाहर, कालांतर में लिखी गयी शर्तिया इलाज की पुस्तकें पढ़ कर ऐसे दावों के झांसे में आने से पहले हमें वैज्ञानिक बुद्धि का प्रयोग अवश्य करना होगा। चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत मुझे बीस वर्ष से अधिक का समय बीत गया। हजारों लोगों का उपचार किया। अनगिनत सलाहियत की। लेकिन आज तक मेरे हाथ कोई ऐसा नुस्खा नहीं लगा जिसे मैं रामबाण इलाज कहकर सारी दुनिया में प्रचारित-प्रसारित करके अपनी दुकान चला लूं। मेरे अनुभव ने मुझे केवल इतना मात्र सिखाया कि कोई दो भिन्न शरीर उपचार के प्रति एकसमान प्रतिक्रिया प्रदान नहीं करते। दो लोगों में व्याप्त एक ही रोग भी एक समान व्यवहार नहीं करता। आयुर्वेद में तो रोगी की प्रकृति के साथ रोग की प्रकृति और विकृति का भी मापतोल करने का निर्देश है।

इतना ही नहीं बल्कि रोग निदान करते समय ऋतु और दिनमान को पढने का विचार भी आयुर्वेद में निर्देशित है। जब रोग तथा रोगी के सम्बन्ध में इतने निर्देश हैं तो विचार करके देखिए, उपचार प्रणाली के चुनाव में कितने निर्देशों का अनुपालन करना बताया गया होगा आयुर्वेद में! ऐसे में किसी को शर्तिया इलाज का झांसा देकर रोगी या उसके तीमारदारों को बरगलाना, आयुर्वेद कम से कम इतना निकृष्ट आचरण तो कतई नहीं सिखाता। तब ऐसे में प्रश्न उठता है कि वे कौन लोग हैं जो भोली-भाली जनता के मन में शर्तिया इलाज के दावों से भरे कथित रामबाणों का शरसंधान करके उनके जीवन को संकट में डालने का उद्योग रचते हैं? ऐसे कितने ही पीड़ित होंगे इस संसार में जिन्हें इन लोगों ने ठगा ही नहीं बल्कि सर्वस्व लूट कर उन्हें धीमी मृत्यु की ओर अग्रसर तो किया ही, साथ ही कलंक का टीका आयुर्वेद के माथे मढ़ दिया। देश में वायदा बाजार पर नकेल कसने के लिए नियम और कानूनों की कमी तो कोई नहीं लेकिन सामने वाले के रसूख और बाजार में उसकी उपादेयता के सामने सभी नियम-कानून बौने पड़ जाते हैं। तंबुओं के बाहर शर्तिया इलाज का आयुर्वेदिक दवाखाना के बोर्ड टंगे रहते हैं।

तंबुओं के भीतर हिमालय के गर्भ से प्राप्त दुर्लभ जड़ी-बूटियों का बाजार सजा रहता है। अब तो ये दुकानें कॉर्पोरेट साईज में सेबी पर एनलिस्टिड फर्मों की हैसियत भी रखती हैं और जानलेवा बीमारियों के लिए शर्तिया इलाज वाली दवा-गोलियां धड़ल्ले से बाजार में बेचती हैं। ऐसी दवा खाकर जीवन को पोंजी स्कीमों में निवेश कर देने वालों की इस देश में कमी कोई नहीं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो ऐसी दवाओं को राष्ट्रभक्ति के नाम पर पेट के हवाले कर देते हैं।

गजा में रक्तपात के छह महीने

गजा पर इजरायल के हमले को 6 महीने हो चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल पर किए गए हमले के खिलाफबेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध का ऐलान कर दिया था। हमास ने इजरायल से 253 लोगों को बंधक बना लिया था। जिनमें से 130 अब भी बंधक हैं और कम से कम 34 की मौत हो चुकी है। अपने लोगों को छुड़ाने और हमास के खात्मे के नाम पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गजा पर आक्रमण किया था। इन छह महीनों में न हमास खत्म हुआ, न बंधकों की सुरक्षित रिहाई का कोई रास्ता निकला, लेकिन इस बीच गजा में खून की नदियां खूब बहीं। कम से कम 30 से 35 हजार लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से 13 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है, 12 हजार से ज्यादा बच्चे बुरी तरह घायल हैं, हजारों बच्चे विकलांगता का शिकार भी हो चुके हैं। गजा के आम लोग पिछले छह महीनों से लगातार आक्रमणों का सामना कर रहे हैं और इसके साथ उन्हें बीमारी, भुखमरी, लूटपाट इन सबका शिकार भी होना पड़ रहा है। गजा से जो तस्वीरें बाहर आती हैं, उन्हें देखकर कहा जा सकता है कि दुनिया में इंसानियत पूरी तरह मर चुकी है। इजरायल केवल हमास को खत्म करने के नाम पर गजा पर बम और गोलियां नहीं दाग रहा, वो लोगों तक राहत सामग्री भी नहीं पहुंचने दे रहा है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट है कि उत्तरी गजा में फंसे 30 हजार लोग जनवरी से रोजाना औसतन 245 कैलोरी पर जी रहे हैं, जबकि सामान्य तौर पर महिलाओं के लिए 12 सौ से 24 सौ और पुरुषों के लिए 2 हजार से 3 हजार कैलोरी की जरूरत बताई जाती है। निर्दोषों को मारना, बीमारों को इलाज की सुविधा से दूर करना, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण नहीं देना, पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचने से रोकना, ये सब इंसानियत के खिलाफ गंभीर अपराध हैं।

हो सकता है अपनी सैन्य ताकत के दम पर इजरायल छह महीने बाद बंधकों को छुड़ा भी ले, लेकिन इस दौरान मानवता पर क्रूरता और हिंसा के जो गहरे दाग इजरायल ने लगाए हैं, क्या उन्हें किसी तरह मिटाया या छुड़ाया जा सकता है, यह गंभीर सवाल है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की चिंताओं और सवालों को अनसुना करते हुए नेतन्याहू दावा कर रहे हैं कि युद्ध रोका नहीं जाएगा।

ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने इजरायल पर जनसंहार के गंभीर इल्जाम भी लगाए हैं। अंतराष्ट्रीय न्यायालय द हेग में इजरायल पर मुकदमा दायर किया गया है। लेकिन इजरायल ने इन आरोपों से इंकार कर दिया है। इजरायल के वकीलों में से एक टाल बेकर ने द हेग की अदालत में कहा कि इजरायल और फिलिस्तीन दोनों ओर नागरिकों को आज जिस परेशानी से गुजरना पड़ रहा है वो हमास की रणनीति का नतीजा है।

यानी इजरायल यह मान रहा है कि गलती हमास की है, लेकिन फ्रि भी वो सजा आम लोगों को दे रहा है। 9 अक्टूबर को इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलांट ने बीरशेहा में इजरायली सेना की दक्षिणी कमान का दौरा करने के बाद कहा था, मैंने गजा पट्टी की पूरी तरह से घेराबंदी करने का आदेश दिया है। वहां न बिजली होगी, न खाना और ना इंसान रूपी जानवरों से लड़ रहे हैं, लिहाजा हम इसी के मुताबिक कदम उठाएंगे। द.अफ्रीका की कानूनी टीम के मुताबिक गैलांट का बयान उनके जनसंहार के इरादे को ही दिखाते हैं। इजरायल जनसंहार के आरोपों से बचता है या उस पर अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कोई कार्रवाई होती है, यह तो वक्त आने पर ही पता चलेगा, फ्लिहाल इजरायल ने जो रक्तपात मचाया है, उससे इजरायल की जनता भी नाराज दिख रही है। इजरायल में जनता लगातार सड़कों पर उतर रही है। बीते शनिवार को भी तेल अवीव, कैसरिया और हाइफा की सड़कों पर आम लोगों ने प्रदर्शन किया और हमास की गिरफ्त में फंसे अपने लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए आवाज उठाई। इसके अलावा धर्म और राजनीति के नाम पर किए जा रहे अत्याचार को बंद करने की अपील भी की। आम जनता का एक बड़ा तबका नेतन्याहू से नाराज नजर आ रहा है। शनिवार के प्रदर्शन में कई लोगों ने हाथ में बैनर ले रखे थे, जिन पर लिखा था-श्नेतन्याहू इजरायल के लिए खतरनाक हैं। हाइफा में प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू को दोषी कहते हुए सरकार को तानाशाह बताया। कुछ बैनरों पर लिखा था- फौरन चुनाव कराओ, नेतन्याहू भगाओ। इस बीच खबर आई कि इजरायल ने दक्षिणी गजा की जमीन पर लड़ रहे अपने सभी सैनिकों को वहां से वापस बुला लिया है। लेकिन सैनिकों की यह वापसी युद्ध की एक रणनीति ही है क्योंकि इजरायली सेना फ्रि से संगठित हो रही है और युद्ध के अगले चरण की तैयारी कर रही है। वहीं प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दावा किया है कि वे जीत से बस एक कष्दम दूर हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि बिना बंधकों की रिहाई के गजा में हो रहे इस युद्ध को नहीं रोका जाएगा। इजरायल को लगता है कि अब हमास का खात्मा वो कर देगा। **:: चर्चित डेस्क**

आज का राशिफल

मेषः- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

वृषभः- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

मिथुनः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

कर्कः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

सिंहः- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्यो को समय से पूर्ण करें।

कन्याः- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

तुलाः- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

वृश्चिकः- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

धनुः- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्यो में आलस्य का त्याग करें।

मकरः- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

कुम्भः- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्यो की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

मीनः- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय सम्भव।

राशि रत्न

शिक्षा विभाग के मतदान कार्मिकों को फॉर्म 12 व 12 ए उपलब्ध कराएं : डीएम

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारियों व पूर्ति निरीक्षकों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पम्पो पर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित होर्डिंग लगवाई जाएं। गैस सिलेंडरों पर स्टिकर लगवाए जाएं। सभी कोटेदार राशन की दुकानों के बाहर होर्डिंग लगवाई जाएं। कोटेदारों की रैली निकलवाई जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान ड्यूटी में लगे सभी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को फॉर्म 12 व फॉर्म 12 ए उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि इन फार्मों के बारे में पूर्ण जानकारी रखें तथा कार्मिकों को भी बतायें। उन्होंने विस्तार से इन फार्मों के बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बताया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में मतदाताओं को शपथ दिलायी जाये व फोटो ग्रुप में भेजी जाएं। बूथ अवेयरनेस ग्रुप में शिक्षकों को सक्रिय किया जाये। इस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाये। पूर्व में सबसे कम मतदान वाले मतदान केन्द्रो पर विशेष ध्यान दिया जाये।

सभी लोग वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप अवश्य डाऊनलोड कर लें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए सभी लोग मतदान अवश्य करें

हरदोई, चसं। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक बावन परिसर से आयोजित ब्लाक एवं शिक्षा विभाग कर्मचारियों की विशाल रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए सभी लोग मतदान अवश्य करें और मतदान करने के प्रति अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होने कहा कि जनपद का मान ब?ाने के लिए समस्त युवक, युवतियां, महिलायें एवं पुरूष 13 मई 2024 को अपने-अपने घरों से निकल कर बूथ पर जाये और अपना गरिमामयी मतदान जरूर करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलायी और आयोजित बाईक एवं स्कूटी रैली को ब्लाक परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

रैली ब्लाक परिसर से प्रारम्भ होकर जगदीशपुर, तेरिया, बघुरा, सकरा व नेवरादेव होते हुए वापस बावन ब्लाक परिसर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, बीडीओ राम प्रकाश वर्मा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

विद्यालय में बिजली, पानी, रैम्प, पेयजल एवं छाया आदि की समुचित व्यवस्था रहे : डीएम

हरदोई, चसं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बावन तथा प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठारी में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में उपस्थित बच्चों से शिक्षा और अपरान्ह भोजन की गुणवत्ता के बारे में जाना। बूथों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि मतदान के विद्यालय में बिजली, पानी, रैम्प, पेयजल एवं छाया आदि की समुचित व्यवस्था रहे। विद्यालय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए उन्हें गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दें और बच्चों के मानसिक एवं शरीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए उन्हें खेलने का भी अवसर दें। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठारी में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियो को मतदाता शपथ दिलायी तथा सबको शतप्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

प्रशिक्षण के बाद सभी कार्मिकों से 20 प्रश्न का एक टेस्ट लिया जायेगा : महाराणा प्रताप स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में प्रारम्भ हुए मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केशव चन्द गोस्वामी के साथ जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सभी कक्षों में जाकर मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारियो से कहा कि मतदान निष्पक्ष एवं शान्ती पूर्ण कराने के लिए मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान के संबंध में दी जा रही सारी बारीकियों अच्छी तरह समझे और किसी बात की जानकारी समझ में आने पर बार-बार मास्टर ट्रेनर्स से पूछे। उन्होने कहा इस प्रशिक्षण के बाद सभी कार्मिकों से 20 प्रश्न का एक टेस्ट लिया जायेगा और जो टेस्ट में सफल नहीं होगें उनको मतदान के संबंध में दोबारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा सभी कार्मिक विशेषकर ईवीएम से संबंधित जानकारियों पर ध्यान दें ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान से संबंधित एक पुस्तक आदि दिये जायेगें जिसकी सभी कार्मिक अच्छी तरह अध्यन जरूर कर लें। डीएम ने महाविद्यालय प्रागंण में महिला समूह द्वारा लगाये गये स्टालों को भी देखा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, डीडी कृषि डा नन्द किशोर, जिला सूचना अधिकारी सतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।

पम्पलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए : जिलाधिकारी

हरदोई, चसं। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रिंटिंग प्रेस से सम्बंधित लोगों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता के दौरान पम्पलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम अवश्य अंकित होना चाहिए। किसी आपत्तिजनक सामग्री की प्रिंटिंग को आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग की सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर प्रेषित की जाये। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों को भली भांति अध्ययन कर लिया जाये।उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों से वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप डाऊनलोड करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अपने प्रेस के बाहर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित बैनर अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची मतदान केन्द्र पर लेकर जाएं। इससे उनको मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ़ने में आसानी होगी। बैठक के अंत में प्रेस प्रतिनिधियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संत समाज का पथ प्रदर्शक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। सुंदरकांड सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के महाराज सिंह पार्क में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा का शुभारम्भ स हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा गाजे बाजे के साथ शहर के विभिन्न स्थानों से कलश यात्रा निकाली गई।

नौ दिवसीय आयोजित होने वाली श्री राम कथा के कथा व्यास अंजनि शरण जी महाराज जी के श्री मुख से श्री राम कथा को सुनकर भक्तगण भाव विह्वल हो उठे। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास श्री शरण ने संतों के स्वभाव व उनकी संगति के प्रतिफल के विषय में बताया। उन्होंने रामकथा की महिमा का वर्णन किया इसी क्रम में सत्संग की महत्ता बताते हुए महराज जी ने कहा कि कैसे एक पल के सत्संग के प्रभाव से रत्नाकर तामसी प्रवृत्ति को त्याग कर राम नाम के बल से परम सन्त बन गए 7महाराज जी ने कहा कि संत का हृदय नवनीत के समान होता है। हर वह व्यक्ति संत है जो सरल ,सहज व निष्कपट है। संत जहाँ भी होते हैं वहाँ जन कल्याण व राष्ट्र कल्याण का ही चिंतन करते है। सज्जनों की संगति व्यक्ति को श्रेष्ठ पद प्राप्त होता है। पुष्प की संगति करता हुआ कीट भी देवताओं के शीश पर स्थान प्राप्त है। इसलिए व्यक्ति को सदैव सज्जनो की संगति करनी चाहिए।

संतों का स्वभाव सरल होता है। विपरीत आचरण करने वाले व्यक्ति भी उसी प्रकार संतों के आचरण में नकारात्मक गुण उत्पन्न नहीं कर सकते जैसे विषधर की संगति से चंदन का वृक्ष अपनी शीतलता का त्याग नहीं करता है। कथा में आयोजक संतोष मिश्र, शिव कुमार पांडेय,मुरारी लाल पाठक, अजीत शुक्ल,अवधेश शुक्ल, विपुल मिश्र,मनीष शुक्ला आदि रहे।

बहादुर बेटियां फाउंडेशन का भगवती जागरण एवं बृहद भंडारा संपन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। सामाजिक सांस्कृतिक कार्यों में अग्रणी संस्था बहादुर बेटियां फाउंडेशन के बैनर तले झम्मा शाह एंड सॉन्स द्वारा भगवती जागरण और बृहद भंडारा किया गया। बहादुर बेटियां फाउंडेशन के बैनर चले झम्मा शाह एंड संस द्वारा भगवती जागरण एवं भंडारा महोलिया शिवपार स्थित काली मां के मंदिर पर किया गया, जिसमें भक्तों ने जागरण कर महामाया के गुण गाए। भंडारे के दिन श्रद्धालु भक्तों ने जमकर भंडारा चखा। भंडारे में महिलाओं समेत राजनीतिक एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। फाउंडेशन की संस्थापिका कुसुम लता गुप्ता रेशमा गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष श्रिया गुप्ता और आनंद गुप्ता ने परिजनों के साथ पूजन कर कन्याओं को उपहार देकर भंडारे की शुरुआत की। इसमें प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आशीष माहेश्वरी,डॉक्टर चित्रा मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव समेत कई उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने किया मंडी परिसर का निरीक्षण

हरदोई, चसं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में स्ट्रांग रूम व मतगणना केन्द्र की तैयारियो का जायजा लेने के लिए आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। बॉक्सों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये। स्ट्रांग रूम तैयार करने में सुरक्षा के मानकों का पूरा ध्यान रखा जाये। दुकानों की विधानसभा वार नंबरिंग करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

मोदी जी का संकल्प देता है 400 पार की गारंटी : सांसद

हरदोई, चसं। सदर सांसद जयप्रकाश ने अपने हरदोई संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा सवायजपुर के विकास खंड हरपालपुर में पांडेय गेस्ट हाउस में मोदी परिवार होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मोदी परिवार होली मिलन में सांसद जयप्रकाश के साथ विधायक सवायजपुर माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू व हरदोई भाजपा के यशस्वी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन भी सम्मिलित हुए। सांसद ने कहा कि जनता का भरपूर प्यार भाजपा को मिल रहा है। मोदी जी का विकसित भारत का संकल्प 400 पार की गारंटी है। हरदोई की जनता ने भी कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है। इस मौके पर रामतीर्थ मिश्रा ब्लॉक प्रमुख सांडी,अनिल राजपूत हरपालपुर ब्लॉक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप,हरपालपुर मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी, विस्तारक व्यवहार शर्मा, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा सहित विकास खंड के समस्त ग्राम प्रधान तथा समस्त देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग से 17 झोपड़ियां जलकर राख

हरपालपुर/हरदोई, चसं। अरवल थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी पार स्थित खुर्रमपुरवा गांव में सोमवार को दोपहर चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग से 17 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों के प्रयास से कई घंटे बाद आग पर काबू पाया। अरवल थाना क्षेत्र के खुर्रमपुरवा गांव निवासी मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय रामलडैते अपने घर में सोमवार की दोपहर चूल्हे पर खाना पका रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी से निकली आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया। जिससे गांव के नन्हे, कोतवाल, विशुनदयाल, कश्मीर, शेरसिंह, वीरपाल, ओमप्रकाश, अशोक, राधाकृष्ण, रघुवीर, रामवीर, सुरेश, पप्पू, श्रीराम, रामकिशोर, विनोद कुमार की झोपड़ी जलकर राख हो गई। जिससे घरों में रखा अनाज, कपड़े, वर्तन समेत सब कुछ जलकर राख हो गया। आगजनी में ओमप्रकाश के घर में मकान में लेटर डलवाने के लिए राखी 40हजार रुपये की नगदी भी जलकर राख हो गई। वहीं वीरपाल की बहू सीमा के जेवर भी जल गए। आगजनी की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अरवल सोमपाल गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों के प्रयास से कई घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। नायब तहसीलदार आभा चौधरी ने लेखपाल मंजेश कुमार समेत कई राजस्व कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुए नुकसान का आकलन किया है।

पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना से अभियुक्त को आजीवन कारावास

हरदोई, चसं। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत जनपदीय पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप एक अभियुक्त को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा एवं 30,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिले के थाना हरपालपुर में हत्या के संबंध में दोषसिद्धि में 21 मई 2013 को थाना हरपालपुर पर हत्या के संबन्ध में आरोपी राजकिशोर शुक्ला पुत्र जगदीश शुक्ला के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग में अभियुक्त को गिरफ्तार कर आरोप पत्र 1 जनवरी 2014 न्यायालय में दाखिल किया गया।अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप 9 अप्रैल2024 को न्यायालय द्वारा आरोपी राजकिशोर शुक्ला पुत्र जगदीश शुक्ला को आजीवन कारावास की सजा एवं 30,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

आरोपी सहित पांच पर लगाया जेवर चोरी का आरोप

शाहाबाद/हरदोई, चसं। क्षेत्र के ग्राम मगियावा निवासी महिला के तीन आरोपी सहित पांच लोगों पर घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम मगियांवा के मजरा रुआ निवासी छोटी बिटिया पत्नी छोटे सिंह ने बताया रविवार की देर रात में थाना पचदेवरा क्षेत्र के ग्राम सठौली निवासी सतेंद्र सिंह पुत्र अशोक सिंह, गुड्डू सिंह पुत्र महेश्वर सिंह ने गांव निवासी विराग सिंह पुत्र लल्ला सिंह व दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके घर का ताला तोड़कर सोने का हार 15 ग्राम,झुमकी 10 ग्राम,तीन जोड़ी चांदी की पायल,सोने के कुंडल एक जोड़ी, कान के सोने के कांटे,और तीन सोने की चेन चोरी कर ले गए।

बेसिक शिक्षा परिवार द्वारा सातवां सुंदरकांड पाठ समारोह संपन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बेसिक शिक्षा परिवार द्वारा सातवां सुंदरकांड पाठ समारोह मधुर संगीत धुन में किया गया, जिसमें बेसिक शिक्षा परिवार के शिक्षक,शुभचिंतकों और गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर सुंदरकांड पाठ एवं भजनो से सरोबार हुए।

मालूम हो कि बेसिक शिक्षा परिवार के शिक्षक नेकी की दीवार टीम के सक्रिय शिक्षक सचिन मिश्रा, श्याम जी गुप्ता, पंकज अवस्थी ,अजीत शुक्ला,डॉ राजेश तिवारी,अनिल दिक्षित,अनूप कुमार, अवनीश, शिवम शर्मा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, रामकिंकर बाजपेई ,राजीव शुक्ला,अभिषेक, हरि ओम,अनीता,ओम जी,विनीत श्रीवास्तव, प्रदीप त्रिवेदी, उदित प्रताप सिंह, तिरुपति आर्य ,आमोद, अनुराग दीक्षित,अरविंद प्रताप सिंह, अरविंद तिवारी, आशीष सिंह सोमवंशी, आलोक कुमार सिंह, अश्वनी दीक्षित,अतुल मिश्र,अविनाश सिंह, बांके बिहारी, अनुज प्रताप सिंह ,भानु सिंह, ब्रज भूषण,बृजेश अवस्थी, डीके वाजपेई, डीपी मिश्रा ,दीपक मिश्रा, देवेंद्र सिंह, देवेश सिंह,तिरुपति नारायण आर्या जैसे कई शिक्षकों और शुभचिंतकों, धर्मानुरागियों का सहयोग रहता है,यही नहीं,यह सब शिक्षक होते हुए भी अपने-अपने स्कूलों का दायित्व भी सकुशल निभाते हैं यह बहुत बड़ी बात है। सुंदर कांड पाठ का आयोजन संगीतमय भजनों और झांकियों द्वारा किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।

पुलिस ने अवैध शस्त्र व बनाने की फैक्ट्री का किया खुलासा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। कोतवाली शहर पुलिस व स्वाट /सर्विलेंस, एसओजी टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व बनाने की फैक्ट्री बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सामाजिक तत्वों द्वारा अवैध शस्त्रों के निर्माण/प्रयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु उनके निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में कोतवाली शहर पुलिस,स्वाट,सर्विलेंस टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री (कुल 10 तमंचे, दो जिंदा कारतूस, खोखा कार्टून एवं भारी मात्रा में अर्ध निर्मित तमंचे, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली शहर पुलिस टीम थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदोई बिलग्राम मार्ग पर कसरावा मोड के निकट संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग में मामूर थी। मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल टीम पहुंची और झोपड़ी को चारों ओर से घेर कर दो अभियुक्त जगदीश पुत्र सरजू पासी निवासी ग्राम मोहकम पुरवा, थाना टड़ियावां हरदोई और शिशुपाल पुत्र मूल चंद्र पासी निवासी ग्राम गुलरी पुरवा थाना हरदोई को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे, थाना कोतवाली शहर उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार पटेल, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार गुप्ता, कांस्टेबल गौरव कुमार,स्वाट सर्विलांस में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक आशीष सिंह, सर्विलांस हेड कांस्टेबल अनिल सिंह चंदेल, हेड कांस्टेबल रामकृष्ण द्विवेदी, हेड कांस्टेबल वीरेंन सिंह यादव, हेड कांस्टेबल आनंद विश्वकर्मा,हेड कांस्टेबल सागर कई लोग शामिल रहे।

सरकार ने कहा-चने के उत्पादन को लेकर कोई चिंता

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र ने मंगलवार को कहा कि उसने कीमतों पर नियंत्रण रखने तथा अपनी कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरण करने की मंशा रखने वाले राज्यों की मांग को पूरा करने के मकसद से बफर स्टॉक बनाने को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चना खरीदना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने संकेत दिया है कि चने की पैदावार बरकरार है और ''फिलहाल उत्पादन को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बीच, राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि व्यापारियों, आयातकों और मिल मालिकों को जमाखोरी और मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए 15 अप्रैल से प्रभावी नियम के तहत दालों के अपने स्टॉक की स्थिति की घोषणा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीमा शुल्क में पड़ी आयातित दालों के मुद्दे पर आयातकों, व्यापारियों, सीमा शुल्क और राज्य के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक बुलाई है। रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,440 रुपए प्रति क्विंटल है। खरे ने कहा, ''चने की फसल की आवक बढ़ने से मंडी की कीमतें नरम हो गई हैं और एमएसपी स्तर पर पहुंच गई हैं। हमने अभी खरीद अभियान शुरू किया है।श्श् सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफमूल्यवृद्धि को रोकने के लिए बाजार में जारी की जाने वाले दालों के स्टॉक को बनाए रखने के

लिए मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) योजना के हिस्से के रूप में चने की खरीद का कार्य कर रही हैं।

खरे ने कहा कि केंद्र खरीद को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न राज्य सरकारों के साथ चर्चा कर रहा है और झारखंड जैसे गैर-पारंपरिक दाल उत्पादक राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वितरण के लिए राज्य सरकारों की ओर से चने की मांग बढ़ने के साथ सचिव ने कहा कि अब उपलब्धता के मामले में बफर स्टॉक पर दबाव है। पहले बमुश्किल 3-4 राज्य ही कल्याणकारी योजनाओं के लिए बफर स्टॉक से चना लेते थे। अब, 16 राज्य सरकारें पोषण सुरक्षा को पूरा करने के लिए चने का बफर स्टॉक ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश जैसे चार और राज्यों ने चने के लिए अनुरोध किया है। राज्य सरकारें दो योजनाओं के तहत केंद्र से चना उठा रही हैं। विभाग के अनुसार, मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत कृषि मंत्रालय द्वारा खरीदा गया लगभग आठ लाख टन कच्चा चना अक्टूबर, 2022 से राज्य सरकारों द्वारा रियायती दर पर खरीदा गया है।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की 2026 टूर्नामेंट के नये मेजबान की घोषणा करने की योजना

एजेंसी, सीजीएफ ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 2026 में होने वाले खेलों के नए मेजबान की अगले महीने घोषणा करने की योजना बनाई है और कहा है कि उसके पास ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य की जगह लेने के लिए 'कई प्रस्ताव' हैं। सीजीएफ ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावों को गोपनीय रख रहा है। विक्टोरिया बढ़ती लागत का हवाला देकर पिछले साल जुलाई में तीन क्षेत्रीय केंद्रों में होने वाले 2026 खेलों की मेजबानी की योजना से

हट गया था। सीजीएफ ने अप्रैल में अपनी बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''अहम प्रगति हुई है और हम शुरुआती अवधारणाओं से उत्साहित हैं जिसका उद्देश्य खेलों को रीसेट करना और नया स्वरूप देना है।'' बयान के अनुसार, ''हम आगे विस्तृत मूल्यांकन करने के लिए संबंधित सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के मेजबान की घोषणा मई में करने का लक्ष्य रखते हैं।'' विक्टोरिया सीजीएफ के साथ मुआवजे के पैकेज पर सहमत हुआ है जिससे अगले मेजबान के खर्चों की भरपाई में मदद मिलेगी। राष्ट्रमंडल खेल 2018 का आयोजन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट को 2026 के संभावित मेजबान के रूप में चिह्नित किया गया था लेकिन राज्य या संघीय वित्त पोषण नहीं मिल सका। सीजीएफ ने कहा कि वह लागत कम करने और प्रतियोगिता को अधिक तार्किक बनाने के लिए खेलों में बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।1930 में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में स्थापित राष्ट्रमंडल खेलों में 74 देश और क्षेत्र हिस्सा लेते हैं। इनका आयोजन ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, जमैका, मलेशिया, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस सीरीज में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाये। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। मिडफील्ड में प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मिडफील्डरों ने काफी मौके बनाये हैं। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की।

शॉर्ट और तेज रफ्तार पास की बजाय भारतीयों ने डीप से लंबे पास का आदान प्रदान किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस को नहीं तोड़ सके।

संन्यास का फैसला वापस लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की टीम में वापसी, न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 शृंखला में मिली जगह

एजेंसी, लाहौर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे। स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही । मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार

अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

टीम इस प्रकार है-

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट : डी गुकेश ने बराबरी पर रोका, विदित गुजराती हारे

एजेंसी, डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चौंपियनशिप के चौलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे करूआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली ने अपने छोटे भाई प्रज्ञानानंदा की तरह ड्रॉ खेला। उन्होंने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना को बराबरी पर रोका। भारत की कोनेरू हंपी को हालांकि सबसे कम रैंकिंग वाली और सबसे युवा खिलाड़ी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोंगयी टैन ने रूस की कैटरीना लेगनो के खिलाफड्रॉ खेलकर तीन अंक के साथ अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी है। चीन की ही टिंगजी लेई ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के साथ अंक बांटे। टैन के बाद गोरयाचकिना ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली, सेलिमोवा और लेगनो दो अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इस हार के बाद हंपी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर खिसक गई हैं। मुजिचुक और लेई भी डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं। गुकेश ने करूआना के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए दबाव का अच्छी तरह सामना किया और अंततरू 72 चाल के बाद दोनों खिलाड़ी अंक बांटने को राजी हो गईं। दूसरे दौर में नाकामूरा के खिलाफजीत दर्ज करने वाले विदित के खिलाफ पिछली दो बार के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट विजेता नेपोमनियाची अधिकांश समय बेहतर स्थिति में रहे और दो बार विश्व चौंपियनशिप मुकाबला खेलने वाला रूस का खिलाड़ी अंततरू जीत दर्ज

करने में सफल रहा। प्रज्ञानानंदा को प्रत्येक दौर के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों की सराहना और सम्मान मिल रहा है। नाकामूरा के खिलाफभी ऐसा ही रहा और अमेरिकी खिलाड़ी जोखिम नहीं उठाते हुए सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद सिर्फ24 चाल के बाद ड्रॉ पर राजी हो गया। दूसरी तरफमहिला वर्ग में टूर्नामेंट के लिए महिला विश्व कप के जरिए क्वालीफाई करने वाली सेलिमोवा ने हंपी को हराकर दिखाया कि उनका क्वालीफिकेशन तुक्का नहीं था। बुल्गारिया की खिलाड़ी ने 62 चाल में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का पांचवां दौर आराम के पहले दिन के बाद खेला जाएगा। साल की इस सबसे बड़ी प्रतियोगिता में अब भी 10 दौर का खेल बाकी है।

लीवरपूल और मैनचेस्टर यूनाईटेड का मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

एजेंसी, मैनचेस्टर। लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2-2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लीवरपूल को हार से बचा लिया। लीवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लीवरपूल को हार से बचा लिया। जीत दर्ज करने में नाकाम रहने के कारण लीवरपूल ने अंक तालिका में शीर्ष पर बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया। टीम अब 31 मैच में 71 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। आर्सेनल के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 31 मैच में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। दिन के अन्य मुकाबलों में अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाईटेड ने चेल्सी को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि टोटेनहैम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से शिकस्त दी।

गोदरेज प्रॉपर्टीज की वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 22,500 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 84 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 22,500 करोड़ रुपए रही। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग बिक्री वृद्धि की प्रमुख वजह रही। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज समूह की बिक्री बुकिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रेस्टीज समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 21,040 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग होने की सोमवार को जानकारी दी थी। मैक्रोटेक डेवलपर्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में 14,520 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की है।

डीएलएफ ने अभी तक अपने आंकड़ों की घोषणा नहीं की है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे 2023-24 में क्रमशः अपनी अब तक की सबसे अच्छी तिमाही और वार्षिक बिक्री दर्ज की है। वित्त

वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर दोगुनी होकर 9,500 करोड़ रुपए से अधिक रही। पिछले वित्त वर्ष में इसकी बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 84 प्रतिशत बढ़कर 22,500 करोड़ रुपए से अधिक हो गई। कंपनी के अनुसार, ''यह भारत में किसी भी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा घोषित अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री है। यह दो करोड़ वर्ग फुट के क्षेत्रफल में फैले 14,310 मकानों की बिक्री के जरिए संभव हो पाया। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि कंपनी की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 81.7 लाख वर्ग फुट हो गई। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, ''पिछले दो वर्षों में हमने जो तेजी हासिल की है, उससे हम खुश हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 9,500 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2021-22 में हमारी वार्षिक बुकिंग से अधिक है।श्श् गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है।

बायजू ने कर्मचारियों को मार्च का वेतन देना शुरू किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। बायजू ब्रांड की मालिक शिक्षा प्रौद्योगिकी फर्म थिंक एंड लर्न ने नौ दिन की देरी के बाद अपने कर्मचारियों को मार्च का वेतन देना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भुगतान प्रक्रिया अगले 10 दिन में पूरी होने की उम्मीद है। कंपनी ने कर्मचारियों को भेजे पत्र में इस देरी के लिए चार निवेशकों के समूह को जिम्मेदार ठहराया है। बायजू ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वेतन वितरण आज शुरू हो गया है और अगले 10 दिन में पूरा हो जाएगा। हमारे प्रयासों के बावजूद, चार विदेशी निवेशकों की कार्रवाई के चलते हमें अभी तक राइट इश्यू से जुटाए गए कोष तक पहुंच नहीं मिली है। इसके बावजूद, हमने समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक उधारी का इंतजाम किया है। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन से संबंधित खर्चों सहित अपनी परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राइट इश्यू से 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए थे।

75 हजार अंक के स्तर को पार करने के बाद फिसला सेंसेक्स, 59 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ

चर्चित राजनीति। एजेंसी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। हालांकि, शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी अपना नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ अपने अबतक के

उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में सोमवार को मिला-जुला रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार कारोबार के दौरान नये शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में मुनाफावसूली से यह नुकसान में रहा। इसका कारण अमेरिका में कल जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़ें हैं। इसके आधार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आने वाले समय में नीतिगत दर में कटौती के बारे में अंदाजा लगेगा। हाल में उम्मीद से बेहतर रोजगार और विनिर्माण के आंकड़ों को

तरबूज बीज के आयात को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने तरबूज के बीज का एक मई से 30 जून तक बिना किसी पाबंदी के आयात करने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति वास्तविक प्रयोगकर्ताओं से लेकर इस जिंस के पात्र प्रसंस्करणकर्ताओं के आधार पर होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, तरबूज के बीज के लिए वैध एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण) निर्माता लाइसेंस के आधार पर ही आयात की अनुमति दी जाएगी। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि आयात किए जाने वाले तरबूज के सभी बीज का 'आयात निगरानी प्रणालीश् के तहत पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसमें कहा गया कि इसका इस्तेमाल करने वालों से लेकर इसका प्रसंस्करण करने वाले पात्र लोगों के लिए तरबूज के बीज का आयात एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक निःशुल्क है। इसका अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान आयात 8.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। 2022-23 में यह 5.76 करोड़ डॉलर था। भारत मुख्य रूप से सूडान, ईरान, मिस्र आदि से बीज आयात करता है।

मां काली के इस मंदिर में सबसे पहले अश्वत्थामा करता है पूजा! यहां चम्बल के डाकू भी आते थे मन्नत मांगने

इटावा में चंबल के बीहड़ों में स्थित महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े मां काली के मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां महाभारत का अमर पात्र अश्वत्थामा अदृश्य रूप में आज भी सबसे पहले पूजा करते हैं। कालीवाहन नामक यह मंदिर इटावा मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर दूर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

इटावा में चंबल के बीहड़ों में स्थित महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े मां काली के मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां महाभारत का अमर पात्र अश्वत्थामा अदृश्य रूप में सबसे पहले पूजा करते हैं।

कालीवाहन नामक यह मंदिर इटावा मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर दूर यमुना नदी के किनारे स्थित है। नवरात्र पर इस मंदिर में दूरदराज से बड़ी तादाद में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के इरादे से यहां आकर मां काली के चरणों में अपना शीश नवाते हैं।

रोजाना गर्भगृह में मिलते हैं ताजे फूल

कालीवाहन मंदिर के करीब 40 साल से अधिक समय तक मुख्य साधक रहे राधेश्याम द्विवेदी के बेटे विवेक द्विवेदी बताते है कि दूरदराज के क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त इस अति प्राचीन मंदिर का एक अलग महत्व है। नवरात्र के दिनों में तो इस मंदिर की महत्ता अपने आप में खास बन पड़ती है। उन्होंने बताया कि उनके पिता करीब 40 साल तक इस मंदिर के मुख्य साधक के रूप रहे है लेकिन आज तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि रात के अंधेरे में जब मंदिर को धोकर साफकर दिया जाता है, इसके बावजूद तड़के जब गर्भगृह खोला जाता है उस समय मंदिर के भीतर ताजे फूल मिलते हैं जो इस बात को साबित करता है कोई अदृश्य रूप में आकर पूजा करता है।

अश्वत्थामा सबसे पहले करता है पूजा

अदृश्य रूप में पूजा करने वाले के बारे में ऐसा कहा जाता है कि महाभारत के अमर पात्र अश्वत्थामा सबसे पहले अदृश्य रूप में मंदिर में पूजा करने के लिए आते हैं। मंदिर की महत्ता के बारे में चौधरी चरण सिंह पोस्ट डिग्री कालेज के प्राचार्य और नामी इतिहासकार डॉ. शैलेंद्र शर्मा का कहना है कि ऐसा कहा जाता है कि महाभारत का अमर पात्र अश्वत्थामा अदृश्य रूप में काली वाहन मंदिर में सबसे पहले श्रद्धालु बनकर पूजा करने के लिए आता है। सालों से यह कथाएं और कहानी अश्वत्थामा को लेकर चल रही है तो जाहिर है कि लोग उन पर यकीन भी कर रहे है। चंबल के कुख्यात डाकुओं से भी इस मंदिर का ताल्लुक है। बताया जाता हैं कि इस मंदिर से डाकुओं से इतना लगाव रहा है कि वह पुलिस की चौकसी के बावजूद भी इस मंदिर में आकर पूजा अर्चना करने में कामयाब हुए। इस बात की पुष्टि तब हुई जब मंदिर मे डाकुओं के नाम के घंटे और झंडे चढ़े हुये देखे गये। काली वाहन मंदिर शक्ति मत में दुर्गा-पूजा के प्राचीनतम स्वरूप की अभिव्यक्ति है। इटावा के गजेटियर में इसे काली भवन का नाम दिया गया है।

मंदिर में हैं देवी की तीन मूर्तियां :

यमुना के तट के निकट स्थित यह मंदिर देवी भक्तों का प्रमुख केन्द्र है। इष्टम अर्थात शैव क्षेत्र होने के कारण इटावा में शिव मंदिरों के साथ दुर्गा के मंदिर भी बड़ी सख्या में हैं। महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती की प्रतिमायें है, इस मंदिर में स्थित मूर्ति शिल्प 10वीं से बारहवीं शताब्दी के मध्य की है।

वर्तमान मंदिर का निर्माण बीसवीं शताब्दी की देन है। मंदिर में देवी की तीन मूर्तियां है- महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती। महाकाली का पूजन शक्ति धर्म के आरंभिक रूवरूप की देन है।

कई फिल्मों की हुई शूटिंग

माकण्डेय पुराण एवं अन्य पौराणिक कथानकों के अनुसार दुर्गा जी प्रारम्भ में काली थी। एक बार वे भगवान शिव के साथ आलिगंनबद्ध थीं, तो शिवजी ने परिहास करते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे श्वेत चंदन वृक्ष में काली नागिन लिपटी हुई हो। पार्वती जी को क्रोध आ गया और उन्होंने तपस्या के द्वारा गौर वर्ण प्राप्त किया।

महाभारत में उल्लेख है कि दुर्गाजी ने जब महिषासुर तथा शुम्भ-निशुम्भ का वध कर दिया, तो उन्हें काली, कराली, काल्यानी आदि नामों से भी पुकारा जाने लगा। कालीवाहन मंदिर काफी पहले से सिनेमाई निर्देशको के आकर्षण का केंद्र बना रहा है।

डाकुओं पर बनी कई फिल्मों की शूटिंग इस मंदिर परिसर मे हो चुकी है। सिनेमाई निर्माता निर्देशक ऐसा मान करके चलते हैं कि इस मंदिर में शूटिंग करने के बाद फिल्म को खासी लोकप्रियता हासिल हो सकती है और इसीलिए वह यहां आकर के फिल्म का कुछ ना कुछ हिस्सा जरूर शूट करते हैं।

:: लोकल डेस्क

द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर पहुंची अमर सिंह चमकीला की टीम

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के निर्माताओं ने सोमवार को अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला के कलाकारों का स्वागत करते हुए शो का नया प्रोमो शेयर किया है। इस शो की मेजबानी स्टैंड-अप कॉमेडियन कपिल शर्मा कर रहे हैं और यह शो शनिवार सुबह 8 बजे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगा। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए प्रोमो में निर्देशक इम्तियाज अली के साथ दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा भी शामिल हैं। परिणीति के पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा का जिक्र करते हुए कपिल ने कहा, ष्राघव राजनीति करते हैं, परिणीति, परिणीति कब से करने लग गए? वीडियो में फिल्म के मुख्य कलाकार दिलजीत गाना गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा इम्तियाज कहते दिख रहे हैं, पंजाबी आमतौर पर शाम को मूड में होते हैं। इस पर दिलजीत ने जवाब दिया, आम तौर पर लोग शाम को मूड में होते हैं। कपिल ने आगे कहा, पंजाबी नाराज हो गए। सुनील ग्रोवर साड़ी पहनकर स्टेज पर एंट्री करते और गाना गाते नजर आ रहे हैं। इस पर कपिल ने कहा, एक लड़की होना और एक आदमी की आवाज में गाना मुश्किल होता है। छह साल पहले अपने और कपिल के बीच हुई लड़ाई का जिक्र करते हुए सुनील ने जवाब दिया, अब मैं छह साल पहले जैसी नहीं रहीं, मैं अब चार जवाब देती हूं। हालांकि, दिलजीत ने सुनील की गायकी की सराहना की और कहा, यह धुन निश्चित रूप से हिट है।

:: नेशनल डेस्क

संजय दत्त ने चुनाव लड़ने की अफवाहों पर लगाया विराम

आगामी कन्नड़ फिल्म केडी द डेविल में नजर आने वाले एक्टर संजय दत्त ने राजनीति में शामिल होने की खबरों पर अपनी सफाई दी है। अभिनेता ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया कि फिलहाल उनका राजनीति के क्षेत्र में कदम रखने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने अपने फैंस से ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यदि उनके करियर में कोई राजनीतिक विकास होगा, तो वह इसकी घोषणा करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। उन्होंने कहा, मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाना चाहता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं, तो मैं इसकी घोषणा सबसे पहले खुद करूंगा। दत्त ने ट्वीट किया, अभी मेरे बारे में जो भी खबरें चल रही हैं, कृपया उन पर विश्वास करने से बचें। एक्टर के पास पाइप लाइन में श्वेलकम टू जंगलश् भी है। फिल्म में कलाकारों की एक टोली है। यह वेलकम और वेलकम बैक का स्टैंडअलोन सीक्वल है।

:: नेशनल डेस्क

अजय देवगन की 'मैदान' की बदली रिलीज डेट

अजय देवगन सिनेमाघरों में फिल्म 'मैदान' लेकर आ रहे थे। फिल्म रिलीज की पूरी तैयारियां भी हो चुकी थीं। इसे 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब मेकर्स ने बड़ी तब्दीली की है और फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। अजय देवगन की फिल्म की रिलीज अब स्थगित हो गई है और इसकी रिलीज को एक दिन आगे के लिए बढ़ा दिया गया है। निर्माताओं ने रिलीज की तारीख बदल दी है और अब यह 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। देश 11 अप्रैल को ईद मनाएगा।

अजय देवगन ने अपने सोशल हैंडल पर यह खबर साझा की। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मैदान का पोस्टर साझा किया और लिखा, 'अपने कैलेंडर में ये तारीख मार्क कर लें! 'मैदान' 10 अप्रैल को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन सिर्फस्पेशल स्क्रीनिंग के लिए जो शाम 6 बजे से शुरू होगी। 11 अप्रैल को ईद की छुट्टी के मौके पर इसे पूरी तरह रिलीज किया जाएगा। अभी अपनी सीटें बुक करें। फिल्म में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, गजराज राव और कई अन्य युवा कलाकार भी हैं। ऐसा लगता है कि निर्माता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफकी 'बड़े मियां छोटे मियां' के साथ टकराव से बचना चाहते थे, यही वजह है कि फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। अजय देवगन ने जो पोस्टर साझा किया है उस पर लिखा है कि पेड प्रिव्यू 10 अप्रैल, बुधवार को शाम 6 बजे रखा गया है। वहीं फिल्म की रिलीज 11 अप्रैल, गुरुवार को होगी। बता दें, मैदान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 में एशियाई खेल जीते थे।

:: एजेंसी

सफेद ही नहीं ब्राउन राइस भी सेहत के लिए फायदेमंद, कई बीमारियों को रखेंगे दूर

चावल स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। सिर्फसफेद ही नहीं बल्कि ब्राउन राइस भी सेहत को ढेरों फायदे देते हैं। इनमें सफेद चावल के मुकाबले ज्यादा पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, पौटेशियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें विटामिन-ई भी पाया जाता है ऐसे में यह शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के अलावा भी ब्राउन राइस शरीर को कई तरह के फायदे देते हैं। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं ब्राउन राइस खाने से आपकी सेहत को क्या-क्या फायदे होंगे।

डायबिटीज रहेगी कंट्रोल

सफेद चावल जहां ब्लड शुगर बढ़ाते हैं वहीं ब्राउन राइस का सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल में रहती है। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स सफेद चावल के मुकाबले कम होता है। ऐसे में यह पचने में भी समय लेता है। धीरे-धीरे पचने के कारण ब्राउन राइस का ब्लड शुगर पर भी कम असर होता है। ऐसे में इसके नियमित सेवन से डायबिटीज का खतरा भी कम होता है।

पावन रहेगा स्वस्थ

इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से भूख कम लगती है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर प्रीबायोटिक के तौर पर काम करता है। ऐसे में यह गट बैक्टीरिया की ग्रोथ में भी मदद करता है। इसका सेवन करने से गट हेल्थ मजबूत होती है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला मैग्नीशियम डाइजेस्टिव ट्रैक्ट के मसल्स फंक्शन बेहतर बनाने में मदद करता है। ब्राउन राइस खाने से कब्ज की समस्या भी दूर होती है।

वजन घटाने में मिलेगी मदद

सफेद चावल के मुकाबले ब्राउन राइस में फाइबर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसे खाने के बार-बार क्रेविंग्स नहीं होती। नियमित तौर पर इसका सेवन करने से बैली फैट भी कम होता है।

हार्ट रहेगा हेल्दी

इसमें कुछ ऐसे कंपाउंड्स पाए जाते हैं जो दिल संबंधी बीमारियों का जोखिम कम करते हैं।

ब्राउन राइस में मैग्नीशियम और लिग्नेस भी पाया जाता है ऐसे में यह हार्ट के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं। ऐसे में यह पोषक तत्व शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। ब्राउन राइस में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने और रोगों से लड़ने में मदद करते हैं।

:: लोकल डेस्क

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने साड़ी में दी कातिलाना अदाएं, फोटोज देखकर फैंस थाम लेंगे दिल

श्वेता तिवारी की उम्र 41 साल है, लेकिन उन्हें देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना नामुमकिन है मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो और वीडियो फैंस के साथ साझा करती हैं श्वेता ने हलही में फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं इस तस्वीर में श्वेता काफी खूबसूरत दिख रही हैं एक्ट्रेस ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें आप उन्हें एक व्हाइट कलर की साड़ी में देख सकते हैं।

अपनी इस साड़ी को श्वेता तिवारी ने मैचिंग के स्लीवलेस ब्लाउज के साथ कैरी किया है साड़ी पर बहुत ही बारीक कारिगरी की गई है, जो साड़ी को बहुत ही एलिगेंट बनाती है। श्वेता तिवारी ने अपने साड़ी लुक को एक बेहद स्ट्राइकिंग मेकअप और हैवी ईयररिंग्स के साथ मैच अप किया है जिनमें वह काफी खूबसूरत दिख रही हैं। इससे उनका लुक और भी दिलकश नजर आ रहा है श्वेता तिवारी की उम्र 41 साल है, लेकिन उन्हें देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना नामुमकिन है। श्वेता ने खुद को इतनी अच्छी तरह से मेंटेन किया है, कि लोग उनकी बेटी पलक तिवारी को उनकी छोटी बहन तक कहने लगते हैं।

:: नेशनल डेस्क

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

दुनिया में बज रहा

में ही समय से गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संभव हुआ है। आज यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि स्वतंत्र भारत एक ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि गुरुनानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ, उस करतार पुर कॉरिडोर का निर्माण मोदी के नेतृत्व में हुआ।मुख्यमंत्री ने कहा कि आदि गंगा गोमती के उद्गम स्थल पीलीभीत में वासंतिक नवरात्र के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री का स्वागत है। नवरात्र की सभी को शुभकामनाएं देता हूं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूपेंद्र चौधरी ने बांसुरी भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। जितिन प्रसाद और छत्रपाल गंगवार ने पुष्प गुच्छ भेंट किया। महिला मंडली ने चुनरी ओढ़ाई।भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्री बीएल वर्मा, सांसद संतोष गंगवार का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मोदी के नाम की दुनिया में धूम है।जिले के सांसद वरुण गांधी की पीलीभीत से दूरी बरकरार है। वह प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभा में नहीं पहुंचे। इससे पहले वह प्रबुद्ध सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए थे। प्रबुद्ध सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया था। बरेली के सांसद संतोष गंगवार ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन की अपील की। हालांकि उन्होंने किसी भी प्रत्याशी का नाम नहीं लिया। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने जनसभा को संबोधित किया।बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने अपने सजातीय बंधुओं से जितिन प्रसाद को जिताने की अपील की। बोले, कहा जा रहा कि कुर्मी समाज किसी दूसरे को समर्थन करेगा, लेकिन मेरा भरोसा है कि लोग जातिवाद में न फंसकर भाजपा को जिताएंगे। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी को राम लक्ष्मण बताया। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। सपा मुखिया अयोध्या में जाने पर संकोच करते हैं, जबकि दूसरी जगह जाकर फूल चढ़ाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा के मंच पर पहुंच गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी प्रत्याशियों ने उनका स्वागत किया।

कांग्रेस की कुटिल

किसान देखता रह जाता था। कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। 2014 व 2019 में मतदाताओं ने वोट की कीमत को समझा और मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आवाज-'फिर एक बार-मोदी सरकार', 'अबकी बार-400 पार' के संकल्प के साथ हम सब जुड़ें।

भारत बलदेगा तिब्बत

नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो भारत उचित जवाब देने की क्षमता रखता है।÷ उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को खारिज कर दिया था और कहा था कि राज्य भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

उम्मीदवारों को अपनी

एन. तयांग द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला दिया था। याचिका में कहा गया था कि कारिखो ने अपने नामांकन पत्र में यह नहीं दर्शाया था कि ईटानगर के सेक्टर ई में स्थित एमएलए काटेज नंबर-1 नामक सरकारी आवास उनके पास है। कारिखो ने सरकारी आवास के किराये, बिजली शुल्क, जल शुल्क और टेलीफोन शुल्क के लिए संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर भी जमा नहीं किया था। साथ ही कहा गया कि नामांकन दाखिल करते समय पत्नी और बेटे के स्वामित्व वाले तीन वाहनों का जिक्र भी उन्होंने नामांकन पत्र में नहीं किया है। इसलिए उनका चुनाव रद्द किया जाए। इस पर हाई कोर्ट ने कारिखो का नामांकन पत्र धारा 36 (2) (बी) के तहत खारिज करते हुए उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी थी। फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधायक द्वारा नामांकन दाखिल करने से पहले ऐसे वाहनों को या तो गिफ्ट दे दिया गया या बेच दिया गया, इसलिए इन वाहनों को विधायक की पत्नी-बेटे के स्वामित्व वाला नहीं माना जा सकता। शीर्ष कोर्ट ने शिकायतकर्ता की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि मतदाताओं को अपने प्रत्याशियों के बारे में जानने का पूर्ण अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्याशी चल संपत्ति की हर एक चीज जैसे कपड़े, जूते, क्रॉकरी, स्टेशनरी, फर्नीचर की घोषणा करे, यह आवश्यक नहीं है। कोई चीज मूल्यवान है तो उसके बारे में बताने की जरूरत है। उदाहरण के लिए यदि प्रत्याशी या उसके परिजन के पास लाखों रुपये की कीमती घड़ियां हैं तो उनकी जानकारी देनी होगी क्योंकि वे उच्च मूल्य की संपत्ति हैं और भव्य जीवन शैली को दर्शाती हैं।

स्पिरिट को नशीली

ने राज्यों के खिलाफ फैसला सुनाया था, जिसके बाद बड़ी पीठ के समक्ष सुनवाई चल रही है। सात न्यायाधीशों की पीठ ने 1997 में केंद्र के पक्ष में फैसला सुनाया था। इस फैसले में कहा गया था कि केंद्र के पास औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन पर नियामक शक्ति होगी। राज्यों के इस फैसले को चुनौती देने के बाद 2010 में यह मामला नौ न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजा गया था। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मेहता से पूछा कि राज्यों के पास औद्योगिक शराब के लिए एक नियामकीय तंत्र क्यों नहीं हो सकता है? पीठ ने कहा कि? स्पिरिट को एक प्रक्रिया के जरिये नशीली शराब में बदला जा सकता है। ऐसे में दुरुपयोग की आशंका है।क्या हम राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए नियामकीय शक्ति से वंचित कर सकते हैं कि इसका दुरुपयोग न हो। न्यायालय ने कहा कि केंद्र एक राष्ट्रीय इकाई है और आप किसी जिले में क्या हो रहा है, उसे नियंत्रित करने नहीं जा रहे हैं। मान लीजिए, उपभोग के लिए इसे विकृत कर दुरुपयोग करने की प्रबल संभावना है। मेहता ने अपने जवाब में कहा कि औद्योगिक अल्कोहल के विनियमन का काम उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के तहत केंद्र के पास है और केवल केंद्र के पास मानव उपभोग के अतिरिक्त अल्कोहल पर उत्पाद शुल्क लगाने की विधायी शक्ति है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की व्याख्या केवल औद्योगिक अल्कोहल को प्रभावित नहीं करेगी, बल्कि उद्योग विनियमन और विकास अधिनियम, 1951 की अनुसूची ङ्क 1 में शामिल प्रत्येक उद्योग को प्रभावित करेगी। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अरविंद केजरीवाल को

सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार तथा धनशोधन से संबंधित है। संबंधित नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। धन शोधन रोधी एजेंसी की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से हाईकोर्ट के इनकार के कुछ ही घंटे बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर निचली अदालत में पेश किए जाने के बाद उन्हें एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

गोरखपुर में हवाला

है। दरअसल, गोरखपुर के बेनीगंज क्षेत्र में बीते रविवार को चेकिंग के दौरान पुलिस के द्वारा हवाला के 85 लाख रुपये पकडे जाने पर अब एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई हुई है। बता दें कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने 50 लाख पकड़े थे। जिसमें आरोप था कि दारोगा ने 50 लाख रुपये की हेराफेरी करने के बाद शेष रुपये लौटा दिए थें। बताया जा रहा है कि हवाला वाले के पास कुल 85 लाख की रकम थी। ऐसे में जब युवक ने बाकी बचे रुपये की मांग की तो दरोगा ने एनकाउंटर की धमकी देकर उसे वहां से भगा दिया था। जिसके बाद नवीन श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाने पर जब पुलिस ने दरोगा के घर छापा मारा तो वहां से उनको 44 लाख रुपए बरामद हुए। इस खबर ने पुलिस विभाग में हलचल तेज कर दी थी। जिसके बाद अब एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मामले पर संज्ञान लेते हुए बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को निलंबित कर दिया है। वहीं इस पूरे मामले की एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई जांच कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दरोगा और साथी पर मुकदमा लिखा जा सकता है। इस दौरान मामले पर जानकारी देते हुए एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि, ÷क्योंकि हवाला के रुपये पकड़े जाने की शिकायत किसी ने नहीं की इसलिए कर्तव्य का पालन न करने पर बेनीगंज चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है। साथ ही रुपये पकड़कर हेराफेरी व आरोपित को छोड़ने की जांच कराई जा रही है।

हाईकोर्ट के ऑर्डर पर नहीं हुआ कंप्लायंस

लखनऊ, चसं। रेनू चौरसिया बनाम पंजाब सिंध बैंक मामले में कोर्ट का ऑर्डर कंप्लायंस नहीं हुआ। इसपर कोर्ट ने बैंक के जोनल मैनेजर को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को एफिडेविट भी फाइल करना पड़ेगा। कोर्ट मामले में 29 अप्रैल को फिर से सुनवाई करेगा। बैंक में अधिकारी के रूप में तैनात रेनू चौरसिया को मेजर पनिशमेंट देकर बैंक ने दो साल साल के लिए चार इंक्रीमेट डाउन कर दिया था और इसे रिस्टोर भी नहीं किया जा सकता था। इसी को लेकर रेनू ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसपर हाई कोर्ट ने 19 अप्रैल 2023 को रेनू चौरसिया के पक्ष में फैसला दिया था। जस्टिस पंकज भाटिया ने मामले की सुनवाई कर आदेश दिया था। बावजूद इसके ऑर्डर कॉम्प्लीएंस बैंक की तरफसे नहीं किया गया। इसपर रेनू चौरसिया की तरफसे 18 दिसंबर 2023 को कोर्ट में कटेंप्ट फाइल की गई। कोर्ट ने 21 दिसंबर 2023 को मामले में ऑर्डर दिया। मामले में जोनल मैनेजर को कोर्ट ने नोटिस दी। इसके बाद तीन अप्रैल 2024 को फिर से कोर्ट ने सुनवाई की। इसमें लखनऊ जोन के जोनल मैनेजर को कोर्ट में मौजूद रहने के लिए कहा है। इस दौरान कंप्लायंस की एफिडेविट भी फाइल करने को कहा गया। मामले में कोर्ट 29 अप्रैल को सुनवाई करेगा। रेनू चौरसिया पंजाब एंड सिंध बैंक में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उनके खाते से सैलरी से कई गुना अधिक लेन देन होने पर बैंक ने जांच की। इस दौरान खाते में आए रुपए के श्रोत की जानकारी नहीं देने की बात कही गई।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

नया भारत बोलता नहीं, घर में घुसकर मारता है

हापुड़ में अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में की वोट की अपील

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में पहले गौ तस्कर हावी थे। पिछली सरकार उन्हें प्रश्रय देती थी। वहीं कसाई घरों के बाहर बंधी गाय को खोलकर ले जाता था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती थी। समाजवादी पार्टी के रामपुर के एक नेता की भैंस को ढूंढने के लिए पुलिस को लगाया जाता था, लेकिन किसान के मवेशी चोरी होने पर पुलिस कुछ नहीं करती थी।

आज प्रदेश में किसान, व्यापारी, बेटियों समेत हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आज प्रदेश में दंगा और कर्फ्यू नहीं लगता है बल्कि धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। उन पर फूल बरसाए जाते हैं। पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होता था। अपराधी गले में तख्ती लटकाकर घूमता है कि मेरी जान बख्श दो। इसका श्रेय आपको जाता है, क्योंकि आपने अच्छी सरकार को चुना है। आपका वोट जब सही जगह जाता है तो सही कार्य होते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़ में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने अमरोहा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की। सपा और बसपा को अंधेरा प्यारा था, इसलिए वह बिजली नहीं देते थे। इस वजह से किसान अपने खेत में पानी के लिए पंपिंग मशीन लगाने को मजबूर थे। वह भी चोरी हो जाते थे। आज बिना भेदभाव के बिजली मिलने के साथ ही सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम हैं। यही वजह है कि हर जगह डबल इंजन की सरकार की चर्चा हो रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में पहले ही लोग आश्वस्त हैं कि तीसरी बार भी मोदी सरकार ही बनेगी। अभी उन्होंने महाराष्ट्र, राजस्थान का दौरा किया, जहां लोग हमारी बढ़त ही 5 लाख से शुरू होने की बात कर रहे हैं। जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में विकास की बदलती तस्वीर को देखा है, इसलिए वे फिर से मोदी सरकार लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि आज देश की कमान मजबूत हाथों में है। दुनिया को पता है कि नया भारत बोलता नहीं है, बल्कि घर में घुसकर मारता है। प्रदेश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। गंगा एक्सप्रेस हापुड़ से ही होकर जा रहा है। इससे हापुड़ से प्रयागराज की दूरी महज 6 घंटे में पूरी की जा सकेगी। पिछली बार थोड़ी सी गलती से अमरोहा को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। इसकी वजह से यहां के ढोलक की थाप कमजोर पड़ रही थी। आप सबने सांसद का चरित्र संसद में देखा है। वह भारत माता का जयकारा लगाने में सोच रहा था।

उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग संसद में जाने चाहिये, जो भारत को मां कहने में संकोच करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें क्या हो गया है, जो ऐसे लोगों को प्रत्याशी बना रहे हैं। यह उनकी संकीर्ण सोच को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम देश को विकसित भारत की ओर बढ़ते हुए देख रहे हैं।

- **सपा, बसपा को अंधेरा प्यारा था इसलिए वह बिजली नहीं देते थे**

हमें इसका सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है।इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया,जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, राजीव तरारा, महेंद्र सिंह खड़गवंशी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रविंद्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रेखा नागर आदि उपस्थित रही।

अब पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान देता सफाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने रामपुर से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए मांगा समर्थन

लखनऊ, चर्चित ब्यूरो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले भारत के पासपोर्ट का सम्मान नहीं था। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट कर देता था, लेकिन आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफटेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है, जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर में सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने रामपुर से दूसरी बार घनश्याम लोधी को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। मोदी ने करतारपुर कॉरिडोर बनवा दिया तो अयोध्या में भी 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और राम मंदिर का निर्माण हुआ। हमने समाज को जाति-खेमे में नहीं बांटा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोग चुनने के बाद दिखाई नहीं देते थे। वे विकास की नहीं, परिवार की बात करते थे। उपचुनाव में आपने भाजपा के घनश्याम लोधी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपनी सरलता के अनुरूप रामपुर के विकास के लिए कार्य किया। रामपुर की पांच में से चार विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव जिताया।

देश-विदेश डायरी

मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में नागरिकों के मौत की भारत ने की निंदा, यूएन के प्रस्ताव का किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। भारत ने गाजा में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है। उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजरायल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।

विश्व बैंक ने फिर बढ़ाई पाकिस्तान की टेंशन

इस्लामाबाद, एजेंसी। आर्थिक संकट से घिरे पाकिस्तान को विश्व बैंक ने नया झटका देते हुए उसकी टेंशन और बढ़ा दी है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को संवैधानिक आदेशों के साथ संघीय और प्रांतीय खर्चों को सरेखित करके एक राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने, विभिन्न संघीय और प्रांतीय राजस्व एजेंसियों को एक एकल सामान्य बिक्री कर (जीएसटी) संग्रह एजेंसी में विलय करने के लिए कहा है। इस तरह एक तरह से पाकिस्तान पर विश्व बैंक ने नई शर्तें लाद दी हैं।विश्व बैंक ने क्षेत्र-आधारित छूट, मालिक-कब्जेदार छूट व अनिवासी छूट जैसी सब्सिडी घटाने समेत संघीय व प्रांतीय खर्चों की एकीकृत राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने का दबाव भी डाला है। अगर शर्तें पूरी होती हैं तो पाकिस्तान में महंगाई चरम पर होगी।डॉन न्यूज के मुताबिक, इनके लिए पाकिस्तान को कड़े वित्तीय फैसले लेने होंगे। विश्व बैंक ने पाकिस्तान सरकार को यह भी कहा कि वह संघीय और प्रांतीय स्तरों पर नए राजकोषीय उत्तरदायित्व और ऋण सीमा अधिनियम को लागू करे। इन सुझावों के आईएमएफकार्यक्रम का हिस्सा बनने की उम्मीद है, जिस पर पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब अगले सप्ताह वाशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफकी बैठकों में ऋणदाता के साथ चर्चा करेंगे। बैंक ने फेडरेशन और उसकी संघीय इकाइयों में जीएसटी सामंजस्य पर ठोस प्रगति की मांग रखी है। विश्व बैंक ने प्रशासनिक जटिलता को कम करने के लिए सभी जीएसटी संग्रह जिम्मेदारियों को एक ही निकाय (एजेंसी) के साथ समेकित करने का सुझाव दिया, जो सांविधानिक प्रावधानों के अनुसार राजस्व दे सकती है। वर्तमान में, जीएसटी ज्यादातर वस्तुओं और कुछ सेवाओं पर संघीय राजस्व बोर्ड द्वारा एकत्र किया जाता है, जबकि कुछ सेवाओं पर जीएसटी एकत्र करने के लिए समान राजस्व बोर्ड प्रांतों में काम कर रहे हैं। विश्व बैंक ने कृषि आयकर के लिए, सरकार से भूमि क्षेत्र की परिभाषा को सुसंगत बनाने, भूमि जोत के आकार के आधार पर छूट पर पुनर्विचार करने और फसल के रकबे या उत्पादन अनुमान के आधार पर सामान्य न्यूनतम दरें निर्धारित करने को कहा है। इससे किसान प्रभावित होगा।

जेल में शान से जी रहे इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सुरक्षा पर हर महीने 12 लाख रुपये का खर्च आ रहा है। जेल अधिकारियों की ओर से लाहौर उच्च न्यायालय में पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, 71 वर्षीय खान को जेल परिसर के अंदर विशेष सुविधाएं प्रदान की गई हैं जिसमें पांच लाख रुपये की लागत से पृथक सीसीटीवी प्रणाली शामिल है। यह सात हजार कैदियों की निगरानी करने वाली प्रणाली से अलग है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, खान का खाना सहायक अधीक्षक की निगरानी में एक अलग रसोई में पकाया जाता है और भोजन परोसे जाने से पहले मेडिकल अधिकारी या उपाधीक्षक उसकी जांच करते हैं।

शिक्षा और संस्कार से व्यक्तित्व का समग्र विकास सम्भव : डॉ अतुल कोठारी

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

- **स्वस्थ, चरित्रवान और प्रसन्नचित्त युवाओं से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है : डॉ. कोठारी**

नई दिल्ली। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास-नवजय विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन सीआईईटी सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना कर किया गया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने पंचकोशों का उपनिषदीय परिचय रखते हुयेए इससे चरित्र निर्माण के व्यवहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए पंचकोश को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या में प्रभावी समेकन इस दिशा में एक सार्थक कदम है।

न्यास के ध्येय वाक्य देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा का पक्ष लेते हुये डॉ कोठारी नें कहा कि स्वस्थ, चरित्रवान और प्रसन्नचित्त युवाओं से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। विषय प्रवर्तन कर रहे राष्ट्रीय संयोजक श्री देशराज ने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना तब पूरा होगा जब हमारे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हो। इसके लिए हमें अपनी प्राचीन ज्ञान परम्परा में निहित पंचकोशीय शिक्षा का अनुपालन करना होगा। श्री देशराज ने आह्वान किया कि शिक्षण संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में पंचकोशों को प्रमुखता दी जाए और विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय इसके प्रतिमान केन्द्र के रूप में स्थापित हों।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक प्रो दिनेश प्रसाद सकलानी ने चरित्र की न्यूनता को विश्व का सबसे बड़ा संकट बताया और कहा कि वैदिक काल में ऋषि-मुनियों के जीवन के सामंजस्य और शिक्षण व्यवस्था की आवश्यकता आज वर्तमान में भी प्रासंगिक है। प्रो सकलानी ने अपने विचारों में राष्ट्र निर्माण की भूमिका में बालिका शिक्षा पर बल दिया और कहा कि एक बेटी को शिक्षित करने से तीन पीढ़ियों की शिक्षा जुड़ती है। मूल्य शिक्षा पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि नेतृत्वशीलता और अभ्यास से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। प्रो. सकलानी ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा किए जा रहे शिक्षा में भारतीयता और विकास के कार्यों की भूरि भूरि सराहना की। सनातन धर्म पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अनीता शर्मा ने कहा कि शिक्षक पहले स्वयं को मज़बूत करे, क्योंकि जब शिक्षक आगे बढ़ेंगे तो हमारे विद्यार्थी भी उच्च चरित्र के साथ मज़बूत होंगे। सीआईईटी के संयुक्त निदेशक डॉ अमरेंद्र बेहेरा ने बताया कि भारत की शिक्षा में शैक्षिक मीडिया तकनीक को साथ लेकर हम आगे बढ़ रहे है। एआर और एआई युक्त प्रयोगशाला का भ्रमण भी उन्होंने प्रतिभागियों को करवाया। डॉ बेहेरा ने शिक्षा में तकनीक के प्रयोग पर बल देते हुए विश्वास जताया कि इससे मापदंडों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमें निश्चित ही सफलता मिलेगी। प्रो. राजेश वर्मा, कुलपति, रानी दुर्गावती विवि जबलपुर, प्रो. सविता सेंगर, अशोक कड़ेल, डॉ. अजय तिवारी, ममता नागपाल, डॉ. भरत व्यासए डॉ. विनोद शनवालए डॉ मीना पांडेय, डॉ. इंद्रजीत और भारत के विभिन्न प्रांतों से आये कुलपति, कुलाधिपति, संस्थान प्रमुख, शिक्षक, प्रेरक, आचार्य गण और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब, नकदी

लखनऊ, चसं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-न2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 08 अप्रैल तक 13296.42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 2211.16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148.71 लाख रुपये कीमत की 930045.32 लीटर शराब, 4996.70 लाख की 8126299.13 ग्राम ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की 52778.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133.78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

बंथरा में ज्वैलर से लूट का पुलिस ने किया खुलासा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **पांच शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार, एक फरार**

लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में बीती चार अप्रैल को सोनार के साथ हुई लूट का बंथरा पुलिस और डीसीपी साउथ की सर्विलांस सेल की संयुक्त टीमों ने मंगलवार को पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से हजारों रुपये की नकदी सहित दो बाइक, एक तमंचा कारतूस और कुछ जेवरात बरामद किया हैं। पुलिस लुटेरों के एक फरार साथी को दबोचने के लिए लगातार दबिश दे रही हैं।

वहीं डीसीपी साउथ ने लुटेरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रूपए नकद इनाम देने की घोषणा करी थी। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह और एडीसीपी साउथ शशांक सिंह व एसीपी कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मूलरूप से उन्नाव जनपद के रहने वाले सुरेंद्र कुमार बंथरा में किराए के मकान में रहते हैं। वह काकोरी इलाके में स्थित बेहटा में बेटे के साथ ज्वेलर्स की दुकान चलाते है। सुरेंद्र बीती चार अप्रैल को बेटे के साथ दुकान बंद कर बाइक से बंथरा घर वापस लौट रहे थे,इसी बीच रास्ते में उन्हें बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर इनके पास मौजूद बैग ,मोबाइल लूट कर भाग गए थे। सुरेंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो टीमें गठित की गई थी। मंगलवार को पुलिस टीम ने मवई पड़ियाना चौराहे के पास से दो बाइक पर सवार पांच लूटेरों को दबोच लिया गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम राजेंद्र रावत,सुभाष रावत,अमित वर्मा, निवासी दरियापुर थाना बाजार खाला,नवीन राजपूत निवाड़ी मुजफ्फर नगर,चौधरी खेड़ा थाना काकोरी ,गोविंद कुमार रावत निवासी अशोक नगर काला पहाड़ थाना ठाकुरगंज बताया। पुलिस ने इनके पास से ग्यारह हजार रूपये की नकदी ,एक बैग,एक देशी तमंचा कारतूस, दो बाइक,आधार कार्ड,एक जोड़ी पायल,बरामद की हैं। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव ने बताया कि राजेंद्र गैंग का सरगना हैं और दिन में ई रिक्शा चलाता हैं।

पश्चिम बंगाल भेजे जा रही थी लाखों की फेन्सीडिल कफ सीरप बरामद

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **एसटीएफ ने की कार्रवाई**

लखनऊ। एसटीएफने कार्रवाई करते हुए लखनऊ से पश्चिम बंगाल भेजी जा रही कफसीरप को बरामत करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफने कार्रवाई करते हुए सेनेटरी पैड की आड़ में फेन्साडिल कफसिरप की तस्करी करने वाले गैंग पर कार्रवाई की है। गैंग के सदस्य गाड़ी में फेन्साडिल लोड कर लखनऊ से पश्चिम बंगाल में सप्लाई करते है।

गैंग के सदस्य कफसीरप को बीते कई वर्षों से बिहार झारखंड, असम , पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में सप्लाई कर चुके हैं। विशाल विक्रम सिंह एसएसपी एसटीएफने जानकारी दी कि एसटीएफ को पिछले काफी दिनों से गैंग के बारे में सूचना मिल रही थी। एसटीएफको पता चला था कि लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में एक ट्रक बड़ी मात्रा में फेन्सेडिल कफ सिरप लेकर पश्चिम बंगाल में सप्लाई करने के लिए जा रह है। जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक टीम मौके पर पहुंची जहां पर ट्रक सहित ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से एसटीएफने पूछताछ की है पूछताछ में आरोपी ड्राइवर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जब्त की गई गाड़ी हरियाणा की है जिसके मालिक संतोष यादव है। इस गाड़ी को माल लेकर हरियाणा व पीतमपुरा दिल्ली से आसाम जाना था। आरोपी की बदरपुर नई दिल्ली में आगरा के रहने वाले राविन सिंह से मुलाकात हुई थी। उसने बताया कि ट्रान्सपोर्ट लखनऊ से सामान कुचबिहार, पश्चिम बंगाल ले जाना था।

6 करोड़ अस्सी लाख की भूमि कब्जामुक्त

लखनऊ, चसं। नगर निगम का अपनी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफअभियान जारी है।

नगर आयुक्त की लगातार समीक्षा के चलते के इसके बेहतर परिणाम भी समाने आ रहे है।

बुधवार को नगर निगम की टीम ने अमौसी क्षेत्र में तीन खसरों में निहित नगर निगम की भूमि से अवैध कब्जों को हटा दिया है। अवैध कब्जों सें 27,232 वर्गफुट भूमि रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत 6,80,00,000 है।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197